Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 237 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, बुधवार 13 मार्च 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जहां हिंसा है वहां धर्म नहीं जहां असत्य है वहां धर्म नहीं।

Where there are violence and falsahood there is no religion.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की दूसरी सूची, नकुल नाथ को छिंदवाड़ा तो राहुल कस्वां को चुरू से टिकट

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की दूसरी सूची जारी कर दी गई है। इसमें चार राज्यों के 43 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया गया है। इस सूची में 10 सामान्य, 13 ओबीसी, 10 एससी, 9 एसटी और एक मुस्लिम उम्मीदवार हैं। कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (ष्टश्वष्ट) की बैठक में इस सूची पर मुहर लगाई गई। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और अन्य सदस्य शामिल हुए थे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि हमने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची पहले ही घोषित कर दी है। आज हम दूसरी सूची की घोषणा करने जा रहे हैं। कल सीईसी ने बैठक की और असम, मध्य प्रदेश, राजस्थान से लगभग 43 नामों की सूची को मंजूरी दे दी। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई असम के जोरहाट से चुनाव लड़ेंगे। नकुल नाथ मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे। राहुल कासवा राजस्थान के चुरू से चुनाव लड़ेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट की फटकार का असर, एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड्स से जुड़ी जानकारी चुनाव आयोग को भेजी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की फटकार के एक दिन बाद एसबीआई ने चुनाव आयोग को चुनावी बांड का डेटा सौंपा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने समय बढ़ाने की मांग करने वाली एसबीआई की याचिका को खारिज कर दिया और उसे 12 मार्च को व्यावसायिक घंटों के अंत तक चुनाव आयोग को चुनावी बांड के विवरण का खुलासा करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पोल पैनल को 15 मार्च को शाम 5 बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर चुनावी बांड का विवरण प्रकाशित करने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को दिए अपने फैसले में इसे असंवैधानिक करार दिया था। उसी फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को निर्देश दिया था कि 12 अप्रैल 2019 के बाद से हुई चुनावी बॉन्ड की खरीद से जुड़े डीटेल्स 6 मार्च 2024 तक इलेक्शन कमिशन को सौंप दे। ऐसे में लगभग इस पूरी अवधि के निकल जाने के बाद एसबीआई सुप्रीम कोर्ट के पास 30 जून तक का वक्त देने का अनुरोध लेकर आया।

### महबूबा बोलीं- लोगों को बांटने के लिए लागू किया सीएए

**जम्मू।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने देश को नागरिकों को बांटने के लिए नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू किया है। महबूबा ने कहा कि हिंदू महासभा की दो राष्ट्र सिद्धांत की अवधारणा का पालन कर रही है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है तब भी सीएए लागू करना, मोदी सरकार की विफलताओं से ध्यान भटकाने का एक प्रयास है। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, विभाजन के 77 साल बाद, बीजेपी अभी भी हिंदू महासभा के दो राष्ट्र सिद्धांत की अवधारणा से जुड़ी हुई है।

देश को समृद्ध और विकसित बनाने में रेलों की महत्वपूर्ण भूमिका

# आने वाले समय में और तेज होगा रेल आधुनिकीकरण का काम-प्रधानमंत्री

- प्रधानमंत्री ने किया 85 हजार करोड़ रूपये से अधिक की लगभग छह हजार रेल परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास
- राज्यपाल श्री हरिचंदन और मुख्यमंत्री श्री साय की मौजूदगी में छत्तीसगढ़ को 249 करोड़ रूपये लागत की 43 रेल परियोजनाओं की सौगात भी मिली





**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री ने किया 85 हजार करोड़ रूपये से अधिक की लगभग छह हजार रेल परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यासप्रधानमंत्री ने किया 85 हजार करोड़ रूपये से अधिक की लगभग छह हजार रेल परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यासप्रधानमंत्री ने किया 85 हजार करोड़ रूपये से अधिक की लगभग छह हजार रेल परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश वासियों के लिए 85 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक लागत की लगभग छह हजार छोटी-बड़ी रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। रेलवे के बुनियादी ढांचा विकास की इन परियोजनाओं के शुभारंभ कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म एक पर हुए कार्यक्रम में लगभग 670 से अधिक रेलवे स्टेशनों और अन्य स्थानों से भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा लोग शामिल हुए। राज्यपाल श्री हरिचंदन और मुख्यमंत्री श्री साय ने स्थानीय कार्यक्रम में रायपुर मण्डल की रेल विकास परियोजनाओं के शिलालेखों से पर्दा हटाकर औपचारिक अनावरण किया। इस अवसर पर सांसद श्री सुनील सोनी, मंत्री श्री टंकराम वर्मा, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, श्री मोतीलाल साहू श्री राजेश मूणत और ज़िला तथा रेल प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहें। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अहमदाबाद कमांड सेंटर से हरी झंडी दिखाकर 10 नई वंदे भारत रेल गाड़ियों को भी रवाना किया।

### हमनें भारतीय रेल को नरक जैसी स्थिति से बाहर निकालने की इच्छा शक्ति दिखाई: श्री मोदी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि रेलवे के इतिहास में पिछले 100 वर्षों में भी एक कार्यक्रम में इतनी बड़ी संख्या में रेल परियोजनाओं के शुभारंभ का कार्यक्रम आज पहली बार हुआ है। उन्होंने कहा कि इस नये साल के पिछले 75 दिनों में ही देश में 11 लाख करोड़ रूपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हो चुका है। उन्होंने इसे विकसित भारत की दिशा में देश का एक बड़ा कदम बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे लंबे समय से राजनीति और क्षेत्रवाद का शिकार रही है। रेलों में डब्बे बढ़ाना, स्टॉपेज बढ़ाना ही रेल की प्रगति के मायने रहें थे। बीते समय में रिजर्वेशन की लंबी लाईनें, दलाली और कमिशन के साथ गंदगी ने भारतीय रेल की स्थिति नरकीय बना दी थी। वर्ष 2014 में देश के 9 राज्यों की राजधानियां रेल नेटवर्क से अछूती थी। 10 हजार से अधिक रेल क्रॉसिंग फाटक विहीन थी। श्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने भारतीय रेल को नरक जैसी स्थिति से बाहर लाने की इच्छा शक्ति दिखाई है। रेवले के बजट को समान्य बजट के साथ शामिल कर छह गुना बढ़ाया गया है। इससे दूसरे मदों से मिले राजस्व का हिस्सा भी रेलवे के विकास के लिए उपयोग किया जा सका है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में भारतीय रेलवे का ऐसा कायाकल्प होगा कि किसी ने भी उसकी कल्पना भी नहीं की होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे बुजुर्गों और हमनें जो भुगता है वो आने वाली पीढ़ी नहीं सहेगी, यह मोदी की गारंटी है।

### हमारे विकास के काम राजनीतिक रूप से सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि देश बनाने के लिए

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश को समृद्ध और औद्योगिक रूप से विकसित करने में रेल की बहुत बड़ी भूमिका है। सवारी गाड़ियों और माल गाड़ियों के लिए अलग-अलग रेल लाईनें स्थापित कर दोनों की स्पीड बढ़ाई गई है। फ्रंट कॉरीडोर बनाकर तेजी से डबल डेकर माल गाड़ियों से माल ढुलाई शुरू हो गई है। आधुनिक रेल इंजन, सुसज्जित कोच फैक्ट्रियां, गति शक्ति कार्बो टर्मिनल जैसी अधोसंरचनाएं भारत को विकसित बनाने की दिशा में तेजी से सकारात्मक योगदान दे रहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में गति शक्ति विश्वविद्यालय की स्थापना आधुनिक तकनीक पर लोकोमोटिव इंजन निर्माण से लेकर नई पटरियां बिछाने, स्टेशनों के आधुनिकीकरण जैसे अनेकों काम देश में हुए है। हमारे देश में बने लोकोमोटिव श्रीलंका सुडान, मोजाबिंक जैसे देशों को निर्यात किए जा रहें है। हम सौर उर्जा से चलने वाले स्टेशन बना रहें है। स्टेशनों पर जल औषधी केन्द्र खोल रहें है, स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और स्व-सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा बनाए गए स्थानीय शिल्प और कलाकृतियों को स्टेशनों पर बिक्री के लिए स्टॉल खोले जा रहें है। जिसका लाभ सीधे गरीब कारीगरों को मिल रहा हैं। रेलवे में आधुनिक तकनिकों के उपयोग से देश के कोने-कोने को रेल नेटवर्क से जोड़ने का काम तो हो ही रहा है इसके साथ ही नये निवेश की गारंटी भी मिल रही है और रोजगार के अवसर भी खुल रहें है।

### रेलवे में अधोसंरचना विकास से रोजगार सृजन के भी बन रहे अवसर- राज्यपाल हरिचंदन

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे विकास के राजमार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रही है। वन्दे भारत ट्रेनों का चलना और अमृत स्टेशनों का निर्माण इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होंने कहा कि रेलवे देश की जीवन रेखा है। रेलवे के विकास का सीधा प्रभाव देश के विकास पर होता है। भारतीय रेलवे अपनी अधोसंरचना में तेजी से सुधार करते हुए रोजगार के अवसर भी सृजित कर रही है। प्रमुख स्टेशनों पर स्थानीय उत्पादों के लिए स्टॉल, रेल कोच रेस्टोरेंट तथा जन औषधि केन्द्र खोलकर कुशल और अकुशल दोनों तरह के श्रमिकों को रोजगार के अवसर मिल रहें है। इन केन्द्रों से वोकल फॉर लोकल दृष्टिकोण को बढ़ावा मिल रहा है। स्थानीय स्वदेशी उत्पादों का बाजार उपलब्ध कराने और कुम्हारों, बुनकरों जैसे स्थानीय शिल्पकारों को अजीविका के अवसर देने के साधन भी यह केन्द्र बन रहें है। राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ को लगभग डेढ़ सौ करोड़ रूपये की रेल परियोजनाओं की सौगात देने पर प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार भी व्यक्त किया।

### छत्तीसगढ़ के स्टेशनों में सुविधा विस्तार और रेल परियोजनाओं से लोगों को मिलेंगे रोजगार के अवसर-मुख्यमंत्री साय

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन देश ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के लिए भी एतिहासिक है। 85 हजार करोड़ रूपये से अधिक के रेल परियोजनाओं के लिए श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं के विस्तार से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने छत्तीसगढ़ के 32 स्टेशनों में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के तहत बिक्री केन्द्रों का शुभारंभ करने और जांजगीर-नैला तथा पेंड्रा रोड स्टेशन पर जन औषधि केन्द्र खोलने के साथ अन्य दूसरे विकास कार्यों के लिए केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने आशा की कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विकास की नए सोपान गढ़े जाएंगे जिससे छत्तीसगढ़ के लोगों को भी बेहतर अवसर मिलेंगे।

### छत्तीसगढ़ में लगभग 249 करोड़ रूपये की 43 रेल परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में भी लगभग 249 करोड़ रूपये की 43 रेल परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने राज्यपाल श्री विष्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में 124 करोड़ रूपये की लागत वाली 40 परियोजनाओं का लोकार्पण और 125 करोड़ रूपये की लागत वाली 3 परियोजनाओं की आधार शिला रखी। छत्तीसगढ़ में वन स्टेशन, वन प्रोडक्ट योजना के तहत रायपुर रेल मण्डल के रायपुर, मांढर, मंदिर हसौद, तिल्दा-नेवरा, सरोना और उरकुरा रेलवे स्टेशनों सहित राज्य के 18 स्टेशनों पर 34 स्टॉलों का लोकार्पण किया गया।

## राजभवन में नायब सैनी ने ली हरियाणा सीएम पद की शपथ

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा भाजपा अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने राजभवन में राज्य के नए मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उन्हें सीएम पद की शपथ दिलाई। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में एक नाटकीय घटनाक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और इसके कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया। कंवरपाल गुर्जर और मूलचंद शर्मा को कैबिनेट मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही हरियाणा में कोई डिप्टी सीएम नहीं रहेगा। वहीं, रणजीत सिंह चौटाला ने भी मंत्री पद की शपथ ली ये सिरसा के रनिया से निर्दलीय विधायक रहे हैं। वहीं, सैनी सरकार में जाट चेहरे के रूप में जय प्रकाश दलाल ने मंत्री पद की शपथ ली। वो मनोहर सरकार में चार मंत्रालय संभाल रहे थे। डॉ. बनवारी लाल ने भी सैनी सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। मनोहर लाल सरकार में वो दो मंत्रालय संभाल रहे थे। रेवाड़ी जिले की बावल सीट से विधायक हैं। सैनी सरकार में वो दलित चेहरा हैं। मनोहर लाल कैबिनेट में शामिल रहे। वहीं, अनिल विज के साथ ही राज्य मंत्री ओम प्रकाश यादव, संदीप सिंह और कमलेश ढांडा को नए मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली। वहीं, अनिल विज ने अपने एक्स हैंडल पर बदलाव करते हुए एक्स होम एंड हेल्थ मिनिस्टर हरियाणा लिख दिया है। इसके साथ ही सीएमओ हरियाणा ने अपने एक्स हैंडल को नायब सैनी को हरियाणा सीएम के रूप में अपडेट कर दिया है। साथ ही उनकी तस्वीर को भी अपलोड कर दिया है।



### आया राम-गया राम की राजनीति को पीएम मोदी ने किया खत्म-शाह

**सिकंदराबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर देश में सरगर्मियां तेज हैं। इसी बीच, केंद्र सरकार ने सीएए के नियम अधिसूचित कर दिए हैं। जिसके बाद विपक्षी दलों द्वारा इसका विरोध भी शुरू हो गया है। वहीं, गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा है कि हमने जो कहा था वह करके दिखाया है। उन्होंने कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप भी लगाया। गृहमंत्री शाह ने सिकंदराबाद में सोशल मीडिया वॉरियर्स मीट को संबोधित करते हुए रहा कि इस कानून के अधिसूचित होने के बाद देश में जितना अधिकार मुझे और आपको है उतना ही अधिकार हर शरणार्थी को भी है। शाह ने अपने संबोधन में भाजपा के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए कहा कि हमने कहा था हम सीएए लाएंगे।

## मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की समाधि पर पहुंचे

**सागर (विश्व परिवार)।** जैन आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की 18 फरवरी को समाधि होने के बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 12 मार्च को दोपहर में छत्तीसगढ़ में स्थित जैन तीर्थक्षेत्र चंद्रगिरी डोंगरगढ़ पहुंचे और समाधि पर पहुंचकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और आचार्य श्री की समाधि के संदर्भ में डोंगरगढ़ ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों से बातचीत की

मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने बताया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वहां पर चल रहे हथकरघा केंद्र चल चरखा पहुंचकर महिलाओं से चर्चा की और कपड़े की गुणवत्ता को भी देखा मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जैन समाज के नहीं पूरे भारत और विश्व के ऐसे संत थे जिन्होंने विश्व कल्याण की कामना हमेशा की है। उनकी समाधि पर सात आठ मिनट तक रुकने के बाद डोंगरगढ़ कमेटी के विनोद बड़जात्या, विनोद कोयला, किशोर जैन, सुधीर जैन, चंद्रकांत जैन आदि से मुख्यमंत्री ने आचार्य श्री के व्यक्तित्व और जीवन कृतित्व पर बातचीत की और उनके चलाए जा रहे प्रकल्पों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री के साथ भोपाल के भाजपा नेता राहुल कोठारी और छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री राजेश मूणत उपस्थित थे।





# कृषक उन्नति योजना: मुख्यमंत्री साय ने बालोद से किया शुभारंभ

- छत्तीसगढ़ के 24.72 लाख किसानों के बैंक खाते में 13 हजार 320 करोड़ रूपए का हुआ अंतरण
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की किसानों से की गई एक और गारंटी हुई पूरी: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय
- राजनांदगांव से वर्चुअली सम्बोधित करते हुए कहा -ऐसा लग रहा है मानों छत्तीसगढ़ में हो रही है धन की बरसात: मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ राज्य के लिए आज का दिन सदैव अविस्मरणीय रहेगा। आज छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी कृषक उन्नति योजना का शुभारंभ जिला मुख्यालय बालोद स्थित सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में हजारों किसानों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के हाथों हुआ। उन्होंने इस कार्यक्रम में राज्य के 24 लाख 72 हजार किसानों को योजना के तहत 13 हजार 320 करोड़ रूपए की आदान सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव राजनांदगांव में आयोजित समारोह में शामिल हुए और बालोद में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को भी उन्होंने सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज वह शुभ दिन है, जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसान भाइयों के बैंक खातों में 13 हजार 320 करोड़ रुपए की आदान सहायता राशि का अंतरण किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में 24 लाख 75 हजार से अधिक किसानों के खातों में राशि भेजी जा रही है। इनमें से 24 लाख 72 हजार वे किसान हैं, जिन्होंने इस साल धान बेचा था। उन्हें 13 हजार 289 करोड़ रुपए के अंतर की राशि का भुगतान किया गया है। इसी तरह 02 हजार 829 धान बीज उत्पादक किसानों को भी बीज निगम के माध्यम से अंतर राशि, 31 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जा रहा है। राज्य स्तरीय समारोह में वर्चुअली जुड़ने पर मुख्यमंत्री श्री साय ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को धन्यवाद दिया। श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने किसान भाइयों से किए गए वादे के अनुरूप अटल जी के जन्मदिन, सुशासन दिवस के अवसर पर 2 साल के बकाया धान बोनस 3716 करोड़ रुपए का अंतरण भी किसान भाइयों के खातों में कर दिया है। 13 लाख से ज्यादा किसानों को बोनस का लाभ मिला है। मोदी जी ने गारंटी दी थी कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनने पर गरीबों के लिए 18 लाख आवासों का निर्माण किया जाएगा। सरकार बनने के दूसरे ही दिन हमने कैबिनेट की बैठक में इस बारे में निर्णय ले लिया है, अप्रैल माह से तीव्र गति से मकान बनने शुरू होंगे। मोदी जी ने महिलाओं को महतारी वंदन योजना शुरू करने की गारंटी दी थी। यह योजना भी शुरू हो चुकी है। परसों 10 मार्च को माननीय प्रधानमंत्री जी के करकमलों से राज्य की 70 लाख से अधिक माताओं और बहनों के बैंक खातों में 655 करोड़ रुपए की राशि अंतरित कर दी गई है। श्री साय ने कहा की मोदी जी ने वनवासी भाइयों से वादा किया था कि तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4000 रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रुपए कर देंगे। आज से ही इस योजना की भी शुरूआत हो जाएगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी जी ने जो दायित्व सौंपे हैं। उन्हें हम हर हाल में पूरा करेंगे। वर्चुअल माध्यम से जुड़े मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश चहुंमुखी विकास कर रहा है। मोदी जी हर विभाग के लिए जनता के हित में बहुत पैसे दे रहे हैं, इन पैसों को खर्च करने में हमारे पसीने छूट जाते हैं। छत्तीसगढ़ का विकास अब जेट गति से आगे जाएगा। छत्तीसगढ़ की जनता ने अच्छे-अच्छे गणित फेल कर दिए। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन को महज तीन महिने हुए हैं, इन तीन महिनों में विकास को काम बहुत आगे बढ़ा है।



दैनिक
# विश्व परिवार
## रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, बुधवार 13 मार्च 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com


## रम्यक जैन (काला) एवं नीर जैन (पाटनी) ने अल्प उम्र में तीर्थराज सम्मेद शिखर जी की पैदल वंदना पूर्ण की



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर निवासी श्री दिनेश-श्रीमती ज्योति जैन (काला) के सुपुत्र रम्यक जैन (काला) एवं भिलाई निवासी श्री मनीष -श्रीमती संध्या जैन (पाटनी) कि सुपुत्री नीर जैन (पाटनी) दोनों ही बच्चों ने अल्प उम्र में जैन समुदाय के सर्वोच्च आस्था के केंद्र तीर्थराज श्री सम्मेद शिखर जी की 27 कि.मी.के पहाड़ की वंदना पैदल पूर्ण की, ज्ञात हुआ कि दोनों ही बच्चों ने वंदना के पूर्व तीर्थराज की तलहटी मैं विराजमान आचार्य विमल सागर जी गुरुदेव के मंदिर में आचार्य श्री की प्रतिमा के समक्ष श्री-फ्ल चढ़ाकर एवम तीर्थ पर विराजमान मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर इतने विशाल पहाड़ की वंदना पैदल पूर्ण कर पाए, दोनों बच्चो में यह बताया कि उन्होंने आचार्य विमल सागर जी महाराज की प्रतिमा के दर्शन कर यह मनोकामना मांगी थी की हमारी यात्रा निर्विघ्न सम्पन्न हो और हम सभी की यात्रा सानंद सम्पन्न हुई, दोनों ही बच्चे यात्रा पूर्ण कर इतने उत्साहित थे की यात्रा में सहारे की लिए जो डंडे को लेकर गये थे वह अपने साथ घर लेकर आये उनका कहना है कि वे यह छड़ी हमेशा अपने साथ रखेंगे यह जीवन भर उनके लिए यादगार बनकर रहेगी, शिखर जी से लौटने के बाद आज फाफडीह जैन मंदिर में रम्यक को शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## हमारे संगठन की ताकत ही है, एक सामान्य कार्यकर्ता आज मुख्यमंत्री है : यादव



मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लोकसभा कोर कमेटी सदस्यों के साथ की बैठक

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जहां मोहन यादव जैसा सामान्य कार्यकर्ता मध्यप्रदेश जैसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री बनाया जाता है और यदि इससे भी बड़ा उदाहरण देखना है तो नरेंद्र मोदी से बड़ा उदाहरण और क्या होगा जहां एक चाय वाला विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के मुखिया प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित होता है और ना सिर्फ प्रधानमंत्री बनता है अपितु प्रधानमंत्री के रूप में भारत के गौरव को विश्व में सर्वोच्च स्थान दिलाने में अपना सर्वस्व लगा देता है। श्री यादव मंगलवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय के सभागार में रायपुर लोकसभा की कोर कमेटी और प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री यादव ने कहा कि हम सभी का समर्पण मां भारती के गौरव निर्माण के लिए है, इसे विश्वगुरु बनाने के लिए है। हम सभी के दायित्व भिन्न हो सकते हैं परंतु लक्ष्य सभी का एक ही है। हम सभी को मिलकर छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा और मध्यप्रदेश से 29 की 29 सीटों से लोकसभा सांसद बनाकर दिल्ली भेजना हमारी जिम्मेदारी है और इस लक्ष्य को हासिल करने हम सभी को पार्टी द्वारा प्राप्त दायित्वों का पूर्ण ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के पूर्व से ही उनका छत्तीसगढ़ से नाता रहा है। पहले भी छत्तीसगढ़ आना-जाना रहा है और आगे भी हमारे संबंध इसी तरह प्रगाढ़ बने रहेंगे। इससे पूर्व प्रदेश के शिक्षा मंत्री और रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि निश्चित ही मुख्यमंत्री श्री यादव के निर्देशों और सुझावों का हम पूर्णरूपेण पालन करेंगे। श्री अग्रवाल ने कोर कमेटी सदस्यों की तरफसे श्री यादव को आश्वस्त किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में हम सभी मिलकर भव्य और ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य में छत्तीसगढ़ का योगदान सभी 11 सीटों का, मतलब शत-प्रतिशत होगा।

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, Reena w/o Ravi Sinha, resident of Ashoka Ratan, Shankar Nagar, Raipur - 492001 (C.G) have changed my name to Reena Sinha w/o Ravi Sinha. So from today onwards I should be recognized by my new name that is Reena Sinha w/o Ravi Sinha in all government and other documents.

**Reena Sinha**
**Flat no. 404, Block 18**
**Ashoka Ratan,**
**Shankar Nagar**
**Raipur -492001 (C.G)**

## नाम परिवर्तन सूचना

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं लीला देवी अग्रहरि, पति शिवशंकर अग्रहरि, निवासी वार्ड नं. 63, साहू पारा, भाटागांव, रायपुर (छ.ग.) यह शपथ करती हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम लीलावती को त्याग कर नया नाम लीला देवी अग्रहरि, पति शिवशंकर अग्रहरि, रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम लीला देवी अग्रहरि, पति शिवशंकर अग्रहरि, से ही जाना व पहचाना जावें।**

**लीला देवी अग्रहरि**
**वार्ड नं. 63, साहू पारा, भाटागांव, रायपुर (छ.ग.) 492001**

## चाकू लहराते तीन युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** खम्हारडीह एवं माना पुलिस ने चाकू लहराते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने रामलीला चौक के पास चाकू लहराते आरोपी कार्तिक क्षत्रीय 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है।

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.- 0771-2991574

Email Id: eocghbzone03@gmail.com

### आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सेजबहार, रायपुर में भवन क्रमांक- **एल.आई.जी.-385, श्री गिरधर सिंह राजपूत पिता स्व. श्री मनबहल सिंह राजपूत,** निवासी:- एस-5, स्टॉफ क्वाटर, पद्माभपुर, दुर्ग (छ.ग.), के नाम पर भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के आदेश क्रं. 69 दिनांक 16.06.2010 द्वारा आबंटित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को भवन का फ्री-होल्ड किये जाने में किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

**पत्र क्र./9721/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024**
**रायपुर, दिनांक 05-03-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 9721**
**वार्ड का नाम-12- महात्मा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 12 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR225E00115** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MR. THAN SINGH** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE SIRAMURAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **Roshan Sen** पिता/पति श्री/श्रीमती **Than Singh sen** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दान पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

**श्री विमल कुमार शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## रायपुर के एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने विश्व किडनी सप्ताह के अवसर पर इंटर-हॉस्पिटल क्विज कंपीटीशन का आयोजन किया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 10 मार्च, 2024 को विश्व किडनी सप्ताह के अवसर पररायपुर के एमएमआईनारायणा हॉस्पिटल ने इंटर-हॉस्पिटल क्विज कंपीटीशन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न अस्पतालों से 14 टीमों ने भाग लिया , जिसका उद्देश्य किडनी की देखभाल औरसमय पर उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इस मनोहर एवं जानकारीपूर्ण क्विज कंपीटीशन मे डॉ. सुनील धर्मानी (नेफ्रोलॉजी), डॉ. राजेंद्र परघनिया (इंटरनल मेडिसिन), डॉ. प्रदीप शर्मा (क्रिटिकल केयर), डॉ. मुकेश शर्मा (इंटरनल मेडिसिन), डॉ. अजय मिश्रा (इमर्जेंसी), और डॉ. तरुण मिश्रा (एंडोक्रिनोलॉजी) ने किडनी स्वास्थ्य के महत्व को बताया । कंपीटीशन के माध्यम से किडनीसेसंबधितबीमारी के लक्षण, निवारण एवंस्वस्थ जीवनशैली को अपनानेऔर नियमित जांच के महत्व को बताने का एक अद्वितीय मंच प्रदान किया।

कार्यक्रम ने चिकित्सा समुदाय से भरपूर समर्थन प्राप्त किया, जिसमें डॉ. फेरोज मेमन (इंटरनल मेडिसिन), डॉ. आर.जी. धृतलहरे (इंटरनल मेडिसिन)उपस्थित थे7 क्विज़ में, प्रथम स्थान श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसके डॉ. औम बापट और डॉ. सत्यसीशप्रतिनिधि थे,द्वितीयस्थान एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने हासिल की, जिसमें डॉ. रिशाभ ढोल और डॉ।. अमित तेकेश्वर तुर्कर प्रतिनिधि थे7 तृत्यस्थान मेकहरा हॉस्पिटल ने हासिल किया, जिसमें डॉ। रिचा भारद्वाज और डॉ। आयुषी गोयल प्रतिनिधि थे, एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने उनकी उपलब्धियों की पहचान करते हुए उन्हें बधाई एवं पारितोषिकदेकर सम्मानित किया।इस कार्यक्रम मे उपस्थित सभी अस्पताल श्री बालाजी हॉस्पिटल, आर.के.सी.एच हॉस्पिटल, एम्स रायपुर, सी.आई.एम.एस बिलासपुर, एस.एस.आई.एम.एस हॉस्पिटल, आर.आई.एम.एस हॉस्पिटल, मेकाहरा हॉस्पिटल एवं जे.एल.एन हॉस्पिटल को एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल धन्यवाद देता है । इंटर-हॉस्पिटल क्विज कंपीटीशन ने समुदाय में किडनी स्वास्थ्य को प्रमोट करने के लिए जागरूकता और सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई।

### छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड

**( छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम ) ( छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कंपनी )**
CIN-U40182003SGC051822

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, (नगर संभाग दक्षिण), रायपुर

**न्यु पुरैना बस्ती रोड, 33/11 केव्ही उपकेन्द्र पुरैना के बाजु**
दूरभाष 0771-2574766 Email-eeocitysouth. raipur@cspc.co.in
**क्रमांक/051-56/सामा / 6095 रायपुर, दिनांक 12 MAR 2024**

**//विज्ञापन//**

मीटर रीडिंग एवं फेटो स्पॉट बिलिंग कार्य बाह्य स्त्रोत / स्वतंत्र मीटर रीडर्स/मीटर वाचक से कराने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग (दक्षिण) छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड रायपुर में फेटो स्पॉट मीटर बाचन एवं बिलिंग का कार्य ठेके पर हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण अथवा कौशल विकास योजना के अंतर्गत मीटर रीडर/वाचक का प्रशिक्षण प्राप्त दसवीं उत्तीर्ण व्यक्ति को दिये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड में कार्य करने वाले अथवा कार्य कर चुके ऐसे ठेका मीटर वाचक, जिनका कार्य संतोषजनक रहा है, को प्राथमिकता दी जावेगी, तत्पश्चात आई.टी.आई. अथवा कम्प्यूटर क्षेत्र में डिग्री/डिप्लोमाधारी व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जावेगी, संभागीय कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 22.03.2024 हैं, नियम एवं शर्तों को विभाग की वेबसाईट WWW.CSPDCL.Co.in अथवा संबंधित कार्यालय में देखी जा सकती है।

**( आशीष अग्निहोत्री-4511473 )**
**कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग ( दक्षिण )**
**छ.स्टे. पा.डि.क.लिमि, रायपुर**

**संवाद-40005/2**

### वसूली अधिकारी के न्यायालय में ऋण वसूली न्यायाधिकरण

**797-II शांतिकुंज साऊथ सिविल लाइन्स, जबलपुर**
**(आरडीडीबीएफआई अधिनियम 1993 की धारा 25 से 29 देखें, 2 के नियम 2 के साथ पढ़ें)**
**आयकर अधिनियम 1961 की अनुसूची आदेश XXI नियम 220 एफ सीपीसी के साथ पढ़ें)**
**TEX 25/2001 सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया विरूद्ध मालवा उद्योग एवं अन्य**
**शपथ पत्र पर संपत्ति का विवरण घोषित करने का आदेश**

प्रति,

1. **श्रीमती सुरिंदर कौर** पति श्री बलदेव सिंह, **2. कु. मनजिंदर कौर, 3. श्री दर्शन सिंह** पिता श्री गुरुदेव सिंह, **4. सरदार बलदेव सिंह** पिता प्रीतम सिंह निवासी मालवा मार्केट, जीई रोड, दुर्ग (छत्तीसगढ़)

आपको बता दें कि प्रमाणपत्र देनदार मूल आवेदन दाखिल करने की तारीख से लेकर माननीय पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा तैयार किये गए वसूली प्रमाणपत्र दिनांक **11/12/1995** के संबंध में पूर्ण वसूली की तिथि तक संविदात्मक दर के नमूने पर लंबित राशि एवं भविष्य के ब्याज के साथ रु. **15,66,074.34** की राशि का भुगतान करने में विफल रहा है।

यह आदेश दिया जाता है कि आप उक्त प्रमाणपत्र/निर्णय देनदार को आपके स्वामित्व वाली संपत्ति का विवरण शपथ पत्र पर घोषित करने का निर्देश दिया जाता है। आगे आदेश दिया जाता है कि आपको **27/06/2024** को आपके स्वामित्व वाली संपत्ति/सीडी के विवरण के हलफनामे के साथ वसूली अधिकारी, ऋण वसूली न्यायाधिकरण, जबलपुर या उचित वकील के माध्यम से अदालत में उपस्थित होना चाहिए।

आज **11 मार्च, 2024** को जबलपुर में मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से दिया गया।

(मुहर)

**(वात्सल्य कुमार)**
**वसूली अधिकारी**

### OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,

Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562, website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

**No.04-04/W/2920** **Raipur, date 11.03.2024**

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

| Tender Specifi. No. | Name of Work | NIT value |
|---|---|---|
| CEC/Sikasar-HEP/W/ 2023/ 257 | Providing cement concrete topping over existing worn out bitumen approach road to power house from dam at 2x3.5MW HEP, Sikasar, Gariyaband | 23.10 Lacs |
| CEC/Sikasar HEP/W/ 2023/ 258 | Annual maintenance of lawn and gardens inside PH premises, sweeping & cleaning of roads, drains, office building and care taker for meeting hall & retiring room at 2x3.5MW HEP, Sikasar,Gariyaband | 14.51 Lacs |
| CEC/Gangrel-HEP/W/ 2023/ 259 | Annual maintenance of lawn and gardens inside PH premises, sweeping & cleaning of roads, drains, office building and care taker for meeting hall & retiring room at 4x2.5MW HEP, Gangrel, Dhamtari | 14.23 Lacs |

Note:- (i) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal : 50724/ irj /portal. (ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

SAVE ELECTRICITY

**Chief Engineer (Civil), CSPGCL, Raipur**

Samwad- 40006/3

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

**पत्र क्रं./10103/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024**
**रायपुर दिनांक : 12-03-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10103**
**वार्ड का नाम- 36 हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR436N0249A** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती NUTAN ELECTRICALS, RAJEEV VASANT HUDDAR** पता/पति, श्री/श्रीमती..... के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती मोहम्मद सोहेल सेठी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता स्व. श्री हाजी रफीक सेठी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें

**श्री आर.के.डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 2**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

**पत्र क्रं./10108/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024**
**रायपुर दिनांक : 12-03-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10108**
**वार्ड का नाम- 36 हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-. **RPR436K00256** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/ MO. RAFIQ** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHEKH RASUL** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/ श्री शाहिद हुसैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता श्री नुरुल हुसैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें

**श्री आर.के.डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 2**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

**पत्र क्र. /10012/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024**
**रायपुर,दिनांक 10-03-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10012**
**वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801000127** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **Madhu Pillai** पिता/पति, श्री/श्रीमती **Gopal Krishna Pillai** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. SHEELA MURLIDHARAN W/O MURLIDHARAN PILLAI 2. VISHNU M. PILLAI S/O MURALIDHARAN PILLAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती ... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## पीएम आवास निर्माण हेतु प्रत्येक अधिकारी जिम्मेदारी देकर मिशन मोड़ में करें आवास निर्माण का कार्य : प्रभारी मंत्री अग्रवाल

**कोण्डागांव/** स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री तथा कोंडागांव जिले के प्रभारी मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में सोमवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, राशन कार्ड नवीनीकरण, प्रधानमंत्री जनमन योजना, कृषि पंप ऊर्जीकरण, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा जिले में संचालित विकास कार्यों की जानकारी दी गई। देर रात तक आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई सरकार से जनता को बहुत सी आशाएं हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तत्परतापूवर्क पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की इन आशाओं को पूरा करने के लिए प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्य करे, जिससे लोगों को शासन की योजनाओं का त्वरित लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर शिक्षा, चिकित्सा सुविध उपलब्ध कराने के साथ ही सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं सहजता से उपलब्ध कराना शासन का प्राथमिक उद्देश्य है। इसके साथ ही पक्का आवास, राशन, खेती-किसानी के लिए आवश्यक सुविधाओं के साथ ही अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराना है।

मंत्री श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर पीएम आवास योजना के तहत हर हितग्राही को पक्का घर उपलब्ध करने को प्राथमिकता देते हुए मिशन मोड में कार्य करते हुए सभी पीएम आवास के हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके लिए प्रत्येक जिला स्तर के अधिकारियों को अप्राप्त गृहों को पूर्ण कराने हेतु पीएम आवास हेतु प्रोत्साहित कराने की जिम्मेदारी देते हुए पीएम आवास की शेष राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत पीएम आवास के विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्राप्त आवेदनों के शत प्रतिशत निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने महतारी वंदन योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम किसान योजना, पीएम सम्मान निधि के तहत शत प्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु शेष हितग्राहियों को लक्षित कर हर किसी को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक जल उपलब्ध कराने के लिए किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगामी ग्रीष्म ॠतु को देखते हुए सभी गांवों में पेयजल की व्यवस्था 30 मार्च तक करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि अब तक जिले में 79 ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन शत प्रतिशत पूर्ण करते हुए हर घर जल उपलब्ध कराया जा रहा है।

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

**पत्र क्रं./10106/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024**
**रायपुर दिनांक : 12-03-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10106**
**वार्ड का नाम- 36 हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR436K0256A** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती SHEKH NAZIR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BASRUDDIN** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/ श्रीमती निकहत परवीन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति श्री शाहिद हुसैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें

**श्री आर.के.डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 2**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

**पत्र क्र. /10076/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024**
**रायपुर, दिनांक 11-03-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10076**
**वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568C00201** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAMNARAYAN MISHRA AND SUNS HUF** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. SHANKAR MISHRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KHUSHBU SAHU**पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAM KUMAR SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

**पत्र क्र. /10055/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024**
**रायपुर, दिनांक 10-03-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10055**
**वार्ड का नाम-1 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801N00240** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **K.K. INDRA W/O LT. P.V. NARAYAN, SHIV SADA SHIV S/O S. SADA SHIV** पिता/पति, श्री/श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RANJITA SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHANDAN SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

# कन्नौजिया राठौर समाज संगठित और प्रगतिशील: मंत्री लखनलाल

## मंत्री ने समाज के भवन के लिए 25 लाख की राशि विधायक मद से देने की घोषणा की

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कन्नौजिया राठौर समाज कोरबा के खरमोरा स्थित सामाजिक भवन में आयोजित सामाजिक मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने भारत माता के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की। समाज द्वारा मंत्री श्री देवांगन का महामाला से स्वागत और सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में मंत्री श्री देवांगन ने समाज के सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, उन्होंने कहा की विधानसभा चुनाव से पहले आप लोगों से मैने आशीर्वाद मांगा था, आप सभी ने आश्वस्त किया था की राठौर समाज 100 फीसदी आपके साथ खड़ा रहेगा, आप सभी मेरे साथ खड़े नहीं रहे बल्कि भारी भरकम वोटो से जीत भी दिलाई। मंत्री श्री देवांगन ने इसके लिए पूरे समाज का आभार व्यक्त किया। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की आज राठौर समाज हर क्षेत्र में आगे है। चाहे वह कृषि, नौकरीपेशा या फिर शिक्षा का क्षेत्र हो। राठौर समाज प्रगतिशील समाज है। संगठित समाज ही प्रगति करते हैं। आप सभी एकजुट और संगठित है इसलिए आप चंहुमुखी प्रगति कर रहे हैं। मंत्री श्री देवांगन ने समाज के भवन के लिए 25 लाख रुपए विधायक निधि से देने की घोषणा की।मंत्री श्री देवांगन ने विधानसभा की तरह लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे को भारी मतों से जिताने की अपील भी की। इसी तरह युवा मोर्चा के महामंत्री और वरिष्ठ पार्षद नरेंद्र देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी संगठित होकर समाज को नई दिशा की और ले जाने का काम कर रहे हैं, ये नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगा। आप सभी इसी तरह समाज को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध रहे। समाज के विकास में किसी तरह की अड़चन या फिर कमी नहीं होगी इसके लिए आप सभी पूरी तरह आश्वस्त रहें। इस अवसर पर समाज के परिक्षेत्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर साव ने कहा की मंत्री श्री देवांगन जब कोरबा नगर निगम के महापौर थे, तब उन्हींने एक मात्र निवेदन पर ही समाज के लिए खरमोरा में सामाजिक भवन का निर्माण निगम मद से कराया था। मंत्री श्री देवांगन सरलता और सहजता के धनी हैं, आज कहीं भी उनसे मिलिए वे पूरी सहजता के साथ मिलते हैं और समस्या का निदान भी करते हैं।आपकी इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी सीताराम राठौर, विजय राठौर, चेतन राठौर, योगेश राठौर, वॉर्ड की पार्षद अनिता यादव समेत अधिक संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




# वेतन बढ़ोत्तरी को लेकर सीजीएम कार्यालय के सामने चालकों ने किया प्रदर्शन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गेवरा क्षेत्र में आउट सोर्सिंग पर काम कर रहे चालकों ने वेतन बढ़ोत्तरी सहित 6 मांगों को लेकर आज सीजीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के चक्कर में कामकाज पर असर पड़ा। दूसरी ओर ठेका लेने वाली कंपनी रूंगटा प्राइवेट लिमिटेड ने साफ तौर पर कहा है कि मांगें केवल उनकी सुनी जाएंगीं जिन्हें हमने डिप्लाइड किया है। एक सप्ताह पहले वेतन समेत काम के घंटे और अन्य मांगों को लेकर वाहन चालकों ने रुंगटा की साइड पर प्रदर्शन किया था और वाहनों को खड़ा कर दिया था। उस समय प्रदर्शन करने वालों की संख्या 60 के आसपास थी। कंपनी ने फौरी तौर पर संक्षिप्त चर्चा की और मामले को निपटा दिया। खबर है कि उस समय कहा गया था कि इस मसले पर आगे बातचीत होगी और इसे देखा जाएगा। नतीजे नहीं आने पर आज फिर से चालकों ने इस इलाके में प्रदर्शन किया। सूत्रों ने बताया कि सुबह 8 बजे तक गाडियां बाहर लगी हुई थीं और इससे संदेश गया कि प्रदर्शन हो रहा है। बाद में सबकुछ सामान्य हो गया। जानकारों का कहना है कि वेतन समेत 6 मांगों को लेकर वाहन चालक दबाव बना रहे हैं ताकि कंपनी उनकी बात को मान ले और उन्हें सहूलियत दे। इसी प्रकरण में नई जानकारी सामने आई है कि रुंगटा कंपनी की ओर से केवल उस मसले पर ही विचार करने की बात कही जा रही है जिसमें उसके द्वारा वाहन चालकों को खुद रखा है। ऐसी स्थिति में संबंधित लोगों का मुख्य नियोजक रुंगटा है।



# ईंट लोड करते वक्त ट्रैक्टर सवार मासूम की मौत, दुर्घटनाकारित वाहन जब्त

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बालकोनगर थाने की रजगामार चैकी क्षेत्रांतर्गत कल दोपहर को लापरवाहीपूर्वक अकुशल मासूम से ईंट लोड करवाते वक्त ट्रैक्टर का नियंत्रण गड़बड़ा जाने से उसमें दबकर मासूम की मौत हो गई। रजगामार चैकी पुलिस ने एक ओर मामले में मृतक के शव को पंचनामा के लिए चीरघर भिजवा दिया। वहीं दूसरी ओर ट्रैक्टर मालिक के वाहन को जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार रजगामार चैकी क्षेत्रांतर्गत सुनालिया ट्रैक्टर ट्राली में कल दोपहर को 3 बजे के लगभग केरहाबरदहा करतला में मकान के लिए सोल्ड ट्रैक्टर ट्राली में कुछ कामगारों द्वारा ईंट लोड कराया जा रहा था। उन्हीं में एक अकुशल 10 वर्षीय किशोर भूपेंद्र कुमार राठिया भी ट्रॉली में ईंट लोड कर रहा था। अचानक अकुशल होने के कारण उक्त किशोर वाहन को नियंत्रण करने में कारगर नहीं हुआ जिसके कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके परिणाम स्वरूप उसकी सडक हादसे में घटना स्थल पर ही ईंट भट्ठा के पास दुखद मौत हो गई। बताया जाता है कि इस हादसे की खबर जंगल में लगी आग की तरह चारों ओर फैल गई। वहां लोगों का हुजूम एकत्रित हो गया। यहां तक कि तत्काल इस घटना की सूचना रजगामार चैकी प्रभारी उप निरीक्षक लक्ष्मण प्रसाद खुंटे, प्रधान आरक्षक विनोद कुमार व सेरेफिन बड़ा को दी गई। पुलिस दल तत्काल सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचा। मृतक के शव को तुरंत पंचनामा कार्यवाही कर उसे पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया।

# प्रधानमंत्री का लखपति महिला पहल पर वर्चुअल कार्यक्रम

**सुरजपुर(विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा महिला सषक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु सम्पूर्ण देष में 3 करोड़ स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को लखपति बनाने के उद्देष्य से महिलाओं को प्रोत्साहित करने हेतु वर्चुअल माध्यम से देष भर के स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को संबोधित कर महिलाओं को विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से अपनी आय को प्रतिवर्ष 1 लाख रूपये से ज्यादा करने हेतु प्रोत्साहित किया उन्होने दोहराया कि हमारा संकल्प है कि हम भारत को 2047 तक विकसित भारत बनायेंगे जिसमें देष भर के स्वयं सहायता समूहों के दीदीयों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन सूरजपुर के ऑडिटोरियम में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सूरजपुर विधायक श्री भूलन सिंह मरावी ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि सूरजपुर जिले में भी समूहों की महिलाओं के द्वारा भी अपनी आजीविका को बढ़ाने हेतु विभिन्न गतितिधियों का संचालन कर 30 हजार से अधिक महिलायें आज लखपति दीदी के श्रेणी में शामिल है।

# सुरक्षित मातृत्व की भावना को मजबूत करने हुआ प्रयास

**कोरबा(विश्व परिवार)।** भारत सरकार की पहल है 'सुमन' का लक्ष्य है, रोकी जा सकने वाली मातृत्व एवम् शिशु मृत्यु एवम् बीमारी को खत्म करने और सकारात्मक प्रसव अनुभव प्रदान करने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाली प्रत्येक महिला और शिशु के लिए सेवाओं से इंकार के लिए शून्य सहनशीलता और आश्वाशन युक्त गरिमामय सम्मानपूर्वक निःशुल्क ऐसे कार्यक्रमों में गैर शासकीय संस्थाओं की भूमिका पर जोर दिया गया और मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में अंतिम मिल तक पहुंचने में सी 3 संस्था एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के हेतु संचालित सुमन सुरक्षित मातृत्व आश्वाशन योजना का क्रियान्वयन सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी-3) के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 8 मार्च 2024 को सुमन वॉलंटियर द्वारा सुमन शक्ति परियोजना अंतर्गत प्रशिक्षण का लाभ लिया है। उपरोक्त प्रशिक्षण में सुमन कार्यक्रम अंतर्गत प्रमुख अपेक्षाओं पर चर्चा करते हुए प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक द्वारा प्रमुख रूप से सुमन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एवं उसके प्रमुख उद्देश्यों और सुमन योजनाओं के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता वाली मेडिकल सर्जिकल और आपातकालीन देखभाल एवं सेवाएं निशुल्क प्रदान करने में सहायता प्रदान करना, सुमन कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओ संस्थागत एवं सामुदायिक स्तर पर प्रचार प्रसार करना। सुमन के तहत दी जानी वाली फैसिलिटी और सुमन वालेंटियर के जिम्मेदारियों को विस्तार से समझाया साथ ही सम्मानपूर्वक मातृत्व स्वास्थ्य देखभाल, जेंडर और सामाजिक समायोजन को स्लाइड और वीडियो के माध्यम से प्रतिभागियों के समक्ष रखा और उसमे प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया भी शामिल किया गया प्रशिक्षण के दौरान गर्भपात निवारण , शिकायत निवारण प्रणाली और 104 , हेल्प डेस्क, हेल्प लाइन नंबर और अन्य सुविधा के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दिया। मुख्य प्रशिक्षक ने लैंगिक समानता एवं सामाजिक समावेश साथ ही पावर वॉक गतिविधि के माध्यम से सामाजिक सोच और सामुदायिक व्यवहार परिवर्तन पर जानकारी दिया। प्रशिक्षण के सुचारू संचालन में विकासखंड करतला के मितानिन कार्यक्रम के ब्लॉक समन्वयक द्वारिका ध्रुव, मनहरण पटेल, मितानिन प्रशिक्षक रामकुमार साहू, श्रीमती अनूपा महंत, सी3 इंडिया से जिला समन्वयक वीर द्रवीन, ब्लॉक समन्वयक सुदेश कुंभकार, एरिया समन्वयक, गिरधारी पटेल राजेंद्र पटेल, का विशेष सहयोग रहा।

# कलेक्टर ने ली मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक

## निर्वाचन गतिविधियों के संबंध में दी जानकारी

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देने हेतु मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल एवं अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय भी बैठक में उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आगामी लोकसभा निर्वाचन के संबंध में निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत दावा-आपत्तियों का निराकरण के पश्चात 8 फरवरी को 2024 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया गया। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का कार्य नामांकन भरने के पूर्व तक जारी रहेगा। जिसमें कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से नाम जुड़वाने के लिए आवदेन कर सकते है। उन्होंने बताया कि रायगढ़ लोकसभा अंतर्गत जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ विधानसभा शामिल है, निर्वाचन में तीन जिले संलग्न होंगे। भारत निर्वाचन आयोग आयोग के निर्देशानुसार इस बार मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण नहीं किया गया है। जिले के 1085 मतदान केंद्रों के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन का मतदान किया जाएगा। इसी प्रकार 1500 से अधिक किसी भी मतदान केन्द्र में मतदाता नहीं होने के कारण सहायक मतदान केन्द्र नही बनाए गए है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने बताया कि 8 विधानसभाओं के कुल मतदाताओं की संख्या वर्तमान में 18 लाख 32 हजार 83 है। जिसमें 9 लाख 5 हजार 387 पुरूष मतदाता, 9 लाख 26 हजार 646 महिला एवं 50 तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या हैं। उन्होंने कहा कि व्यय महत्वपूर्ण हैं सभी राजनीतिक पार्टी अपने व्यय लेख संधारण अवश्य करें। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्याशी के अधिकतम 95 लाख रूपए तक व्यय कर सकते है। उन्होंने व्यय निगरानी के लिए उडनदस्त एवं टीम गठन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान कोई भी व्यक्ति बड़ी राशि नगद लेकर न चले एवं मतदाताओं को प्रलोभन संबंधी वस्तुओं के परिवहन न करें। ऐसे में वैध दस्तावेज की अनुपलब्धता में जप्ती की कार्रवाही की जाएगी। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के पालन संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करें एवं राजनीतिक दल बिना अनुमति के रैली, सभा एवं जुलुस न निकाले।



## संक्षिप्त समाचार

### महिला डॉक्टर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** बिलासपुर जिला अस्पताल में पदस्थ मेडिकल अफसर डॉक्टर पूजा चौरसिया ने रविवार रात अपने मायके में फ ांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस दौरान घर में कोई नहीं था। मामले में सिरगिट्टी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को शहर के तिफरा स्थित एक मकान में रहने वाली एक महिला डॉक्टर पूजा चौरसिया ने अपनी मां के घर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इसकी सूचना पडोसियों ने मृतका के पति अनिकेत चौरसिया को दी जो कि खुद भी डॉक्टर है। जिसके बाद अनिकेत अपने ससुराल पहुंचा और इसकी जानकारी सिरगिट्टी पुलिस को दी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा कर फंदे से उतारा। शुरुआती जांच में पता चला है कि बीते दिनों अमेरिका में डॉक्टर पूजा चौरसिया के पिता की मौत हो गई थी। इसके बाद पूजा डिप्रेशन में चली गई थी। डिप्रेशन के चलते ही आत्महत्या किये जाने की बात कही जा रही है। हालांकि पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाला पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा कर मरच्युरी में रखवाया है। मृतका की मां और भाई के अमेरिका से आने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। बताया जाता है कि मेडिकल ऑफिसर पूजा चौरसिया जिला अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर थीं। उनके पति डॉक्टर अनिकेत कौशिक भी जिला अस्पताल में सरकारी डॉक्टर हैं। पूजा चौरसिया का मायका सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में है वहीं उनकी मां और भाई अमेरिका में रहते हैं। डॉक्टर दंपती की फिलहाल कोई संतान नहीं थी। पूजा और अनिकेत ने 4 साल पहले लव मैरिज की थी।

### चोरी के 350 लीटर डीजल जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** अवैध कबाड़, डीजल चोरी के विरूद्ध जिला पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की अगुवाई में आरोपितों को पकड़ा जा रहा है। कुसमुंडा खदान क्षेत्र में डीजल चोरी की शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपितों को गिरफ्तार किया। साइबर सेल कोरबा एवं थाना कुसमुंडा पुलिस टीम को सूचना मिली कि खदान के अंदर डोजर क्रमांक 12147 से डीजल चोरी कर बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीबी 5985 चोर भाग रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने उक्त दोनों व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया और उनके कब्जे से बोलेरो वाहन के डिब्बे में रखें 350 लीटर अवैध डीजल बरामद किया। पूछताछ में दोनों युवक ने अपना नाम उमाकांत 34 साल तथा लखन दास 38 वर्ष दोनों निवासी गेवरा बस्ती कोटवार मोहल्ला कुसमुंडा बताया। साथ ही कुसमुंडा खदान से डीजल करना स्वीकार किया। आरोपितों के खिलाफअपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

### रेत घाट संचालन को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**कोरबा(विश्व परिवार)।** ग्राम चुइया में रेत घाट संचालन को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। रविवार को दो पक्षों में घाट संचालन को लेकर जमकर विवाद के साथ मारपीट भी हुई है। मामले में दोनों पक्ष ने बालको थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है। शहर के निकट ग्राम चुईया में जिला खनिज विभाग ने रेत घाट को स्वीकृति दी है। घाट संचालन को लेकर गांव वाले दो गुट में बंट गए हैं। जिसमें पहला गुट सरपंच व उसके सहयोगियों का है। वहीं दूसरा गुट ग्रामीणों का है। सरपंच गुट रेत घाट चलाने में पक्ष में हैं वहीं ग्रामीण चाहते हैं रेत घाट शुरू होने से गांव के भीतर ट्रैक्टर व अन्य भारी वाहनों का आवागमन बढ़ गया है। इस वजह से घाट न चलाया जाए। विवाद को देखते हुए प्रशासन ने रेत घाट के संचालन को स्थिगित करा दिया था। इसके बाद भी माफिया के साथ मिल कर कुछ लोगों ने घाट से रेत परिवहन शुरू कर दिया। घाट शुरू कराने के लिए एक दूसरे पर आरोप मढ़ते हुए ग्रामीण आपस में भिड़ गए। मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष का बयान दर्ज किया है।

### कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 141 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के द्वारा सत्र 2023-24 में आयोजित हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा कक्षा 12वीं के विषय-भूगोल (102), भौतिक शास्त्र (201) की परीक्षा जिले के निर्धारित 74 परीक्षा केन्द्रों में सफलता पूर्वक संचालित किया गया। जिसमें कुल दर्ज 6447 परीक्षार्थियों में से 141 अनुपस्थित रहे। श्री रामललित पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी, सूरजपुर के द्वारा शा. कन्या उ.मा.वि. विश्रामपुर एवं स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय विश्रामपुर वि.ख. सूरजपुर का निरीक्षण किया गया।

दैनिक
# विश्व परिवार
विचार-पक्ष
रायपुर बुधवार 13 मार्च 2024
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


## संपादकीय

## भाजपा के सहयोगियों की चिंता जताई.......

भारतीय जनता पार्टी ने सहयोगियों की चिंता बढ़ा दी है। वह जिस तरह से एक एक सीट के लिए मोलभाव कर रही है और सभी छोटी पार्टियों को कम सीटों पर समझौता करने के लिए मजबूर कर रही है उससे सहयोगी परेशान हुए हैं। पहले उत्तर प्रदेश में भाजपा ने जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल को दो सीटें दीं और साथ ही सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी व निषाद पार्टी को एक एक सीट देने का फैसला किया तो अब महाराष्ट्र से खबर आ रही है कि भाजपा वहां अजित पवार की असली एनसीपी को सिर्फ चार से पांच सीट देने वाली है। पहले एनसीपी का दावा 12 सीटों का था। बाद में कहा गया कि आठ सीटें मिलेंगी। फिर जब अमित शाह सीटों के बंटवारे पर बात करने महाराष्ट्र पहुंचे तो कहा गया कि अजित पवार को छह सीटें मिल सकती हैं। लेकिन अब खबर आ रही है कि चार सीटें देने की बात हो रही है। इसी तरह असली शिव सेना यानी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट को आठ से 10 सीट देने की बात हो रही है। सोचें, शिंदे गुट के पास 13 लोकसभा सांसद हैं। लेकिन भाजपा उनको आठ से 10 सीट का प्रस्ताव दे रही है। खुद भाजपा 32 से 34 सीट लड़ना चाहती है। उसका प्रस्ताव है कि शिंदे गुट के कुछ सांसदों को वह अपने चुनाव चिन्ह पर लड़ा सकती है। जानकार सूत्रों का कहना है कि बिहार में भी भाजपा की छोटी सहयोगी पार्टियां बिलबिला रही हैं क्योंकि किसी को भी एक से ज्यादा सीट नहीं मिलती दिख रही है। नीतीश कुमार 15 से 16 सीट पर वीटो करके विदेश चले गए। इसका नतीजा है कि जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा दोनों को एक एक सीट का प्रस्ताव मिल रहा है और एनडीए का दरवाजा खटखटा रहे मुकेश सहनी को भी एक सीट से ज्यादा देने की संभावना नहीं दिख रही है। लोक जनशक्ति पार्टी को पिछली बार छह सीटें मिली थीं लेकिन इस बार उसे दोनों खेमों को मिला कर पांच सीट दिए जाने पर बातचीत हो रही है। सो, हर जगह भाजपा की सहयोगी पार्टियों को समझौता करना होगा। लोकसभा सीट के बदले भाजपा उनको राज्यों में कोई पद दे सकती है। विधानसभा की ज्यादा सीट दे सकती है या जहां विधान परिषद है वहां सीट दे सकती है लेकिन लोकसभा सीट पर गुंजाइश कम है।

# बगिया के विष्णु-बिखेर रहे हैं खुशबू

■ नब्बे दिनों के विष्णु सरकार में सुशासन की दिखी लालिमा

(लेखक - एल.डी.मानिकपुरी, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, कोरिया)



जशपुर जिले के ग्राम बगिया के विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री पद की शपथ 13 दिसंबर 2023 को ली थी। आदिवासी सरगुजा संभाग, जशपुर जिले के यह पहले व्यक्ति है, जो छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बने। बगिया से निकले इस लाड़ले विष्णु देव ने महज नब्बे दिनों में अपने अडिग निर्णय से तीन करोड़ से अधिक प्रदेशवासियों के जीवन में एक खुशनुमा खुशहाली बिखेरने में सफलता अर्जित की है।

### ईमानदार प्रयास नया मिसाल

वैसे तो किसी भी सरकार के लिए तीन माह का कार्यकाल बहुत ही कम होते हैं। लेकिन मुख्यमंत्री श्री विष्णु के मन में कुछ नया करने की इच्छा शक्ति, जनसरोकार के लिए योजना बनाने की जुनून और ईमानदार प्रयास ने महज तीन माह, एक मिसाल बना और एक नया रिकॉर्ड कायम की।

### गरीबों के चेहरे में खुशियां

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद ग्रामीणों के हित में निर्णय लिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत प्रदेश के 18 लाख से अधिक आवासहीनों को पक्का मकान देने के निर्णय ने इन लाखों गरीबों के चेहरे में खुशियां बिखेर दीं। प्रदेश के करीब 68 लाख अंत्योदय एवं प्राथमिकता



राशनकार्डधारी परिवारों को अगले पांच वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न देने के फैसले से इन परिवारों को भरपेट भोजन भी मिलेगा।

### युवाओं के भविष्य सुरक्षित

प्रदेश के युवाओं के भविष्य को सुरक्षा प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा-2021 की शिकायतों की जांच सीबीआई से जांच कराने व यूपीएससी की तर्ज पर परीक्षा प्रणाली लागू करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए। बेरोजगारों के हित में फैसला लेते हुए शासकीय सेवा में भर्ती हेतु स्थानीय निवासियों को अधिकतम आयु सीमा में दिसंबर 2028 तक छूट दी गई है।

### किसानों के पीड़ा को किया दूर

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव दूरस्थ आदिवासी अंचल से होने के साथ एक मंजे हुए किसान पुत्र भी हैं, इसीलिए किसानों की पीड़ा को वे बेहतर समझते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य के किसानों को दो साल के बकाया धान बोनस के भुगतान की गारंटी को पूरा करते हुए 13 लाख किसानों को 3 हजार 716 करोड़ रूपए का भुगतान की गई।

### सबसे बड़ी राशि किसानों के खातों में

अपने वादे के अनुरूप किसानों के हित में खरीफ वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर प्रदेश के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की गई, 24 लाख 72 हजार किसानों से 144.92 लाख मीट्रिक टन रिकॉर्ड धान खरीदी की गई और अन्नदाताओं को 31 हजार 914 करोड़ रूपए का भुगतान भी किया गया तो 12 मार्च को ''कृषक उन्नति योजना'' के तहत समर्थन मूल्य की अंतर राशि 13 हजार 320 करोड़ रूपए अन्नदाताओं के खाते में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव ने डीबीटी के माध्यम से पंहुचाने का साहसिक कार्य किए हैं।

### आदिवासियों के हित में बड़ा निर्णय

प्रदेश के लाखों आदिवासी भाई-बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए तेंदूपत्ता संग्राहकों को संग्रहण पारिश्रमिक दर 4 हजार रूपए प्रतिमानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रूपए किया गया साथ ही तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा हेतु नवीन योजना संचालित किए जाने का निर्णय भी लिए हैं।

### आस्था-विश्वास व भावनाओं का रखा ध्यान

प्रदेशवासियों के विश्वास व आस्था की भावनाओं को सम्मान देते हुए विष्णु सरकार ने रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना शुरू की। इस योजना के तहत प्रदेश के 18 से 75 आयु वर्ग के पात्र हितग्राहियों को अयोध्या धाम दर्शन के लिए विशेष ट्रेन शुरू की है, वहीं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर नगरी राजिम के वैभव को फिर से स्थापित करने के लिए राजिम कुंभ (कल्प) की शुरूआत भी की।

### मातृ शक्ति का किया वंदन

डबल इंजन वाली विष्णु देव सरकार ने मोदी की गारंटी पर मुहर लगाते हुए महतारी वन्दन योजना के तहत प्रदेश के 70 लाख से अधिक विवाहित महिलाओं के खाते में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बाबा विश्वनाथ की धरती काशी से शुभारंभ किए और प्रथम किस्त की राशि करीब 700 करोड़ रुपए इन महिलाओं के खाते में अंतरित हुई। विष्णुदेव साय सरकार ने एक अहम फैसले लेते हुए छत्तीसगढ़ आबकारी नीति वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुमोदन किया है। साथ ही प्रदेश की आधी आबादी यानी माताओं एवं बहनों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया है कि कोई भी नई मदिरा दुकान नहीं खोली जाएगी। संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री साय ने लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) की भावनाओं का सम्मान करते हुए 430 लोकतंत्र सेनानियों-आश्रितों को सम्मान निधि देने का निर्णय लिया। सचमुच 13 दिसम्बर 2023 छत्तीसगढ़ के इतिहास में एक ऐसे नाम दर्ज हुए हैं जो बरसो तक याद रखी जाएगी। महज 90 दिनों में विष्णु के सुशासन की लालिमा प्रदेशवासियों को देखने को मिली रही है।

## विचार

## भाजपा पार्टी को गठबंधन का सहारा

उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हराने वाली भाजपा की नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने चुनौती दी है कि कांग्रेस या राहुल गांधी कभी सपा या बसपा का समर्थन लिए बगैर लड़ कर दिखाएं। सोचें, यह बात भाजपा कह रही है, जिसने विपक्षी गठबंधन के मुकाबले दिल्ली में 38 पार्टियों को इकट्ठा किया था और दिखाया था कि उसके पास ज्यादा पार्टियां हैं। भाजपा देश भर में खोज खोज कर छोटी बड़ी पार्टियों से तालमेल कर रही है। दूसरी पार्टियों से खोज खोज कर नेता निकाल रही है और उनको भर्ती मेला लगा कर अपनी पार्टी में शामिल करा रही है। उसके नेता दूसरी पार्टियों को चुनौती दे रहे हैं कि वे बिना गठबंधन के राजनीति करके दिखाएं! यह मौजूदा भारतीय राजनीति की विडम्बना है। बहरहाल, भाजपा इस बार 370 सीटें जीतने का दावा कर रही है लेकिन असल में उसका लक्ष्य 272 सीटों के जादुई आंकड़े तक पहुंचने का है और इसके लिए उसके पास सिर्फ गठबंधन का सहारा है। प्रधानमंत्री के तमाम जादू और करिश्मे के बावजूद भाजपा अपने दम पर सिर्फ गिने चुने राज्यों में ही चुनाव लड़ रही है। कर्नाटक में जहां उसने पिछले चुनाव में अपने दम पर 25 सीटें जीती थीं और उसके समर्थन से एक निर्दलीय उम्मीदवार भी जीती थीं वहां भी उसे जनता दल एस से तालमेल की जरुरत पड़ गई है। वह तीन या चार सीट देकर जेडीएस के साथ चुनाव लड़ रही है। आंध्र प्रदेश में पिछली बार उसे एक फीसदी से भी कम वोट मिले थे और पूरे पांच साल पार्टी ने जगन मोहन रेड्डी के प्रति सद्भाव रखा। लेकिन अब टीडीपी और जन सेना पार्टी के साथ तालमेल किया जा रहा है ताकि खाता खुल सके। तमिलनाडु में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अन्ना डीएमके के संस्थापक एमजी रामचंद्रन की खूब तारीफ करके तालमेल का रास्ता बनाने का प्रयास किया लेकिन अन्ना डीएमके तैयार नहीं हुई। सो, तमिल मनीला कांग्रेस जैसी कुछ छोटी पार्टियों से भाजपा तालमेल कर रही है। उसने बिहार में जैसे तैसे नीतीश कुमार के साथ तालमेल किया। भाजपा के तमाम शीर्ष नेता रोज नीतीश को कोसते थे और कहते थे कि उनके लिए खिड़की, दरवाजे सब बंद हैं। लेकिन फिर अपनी बात से पलटते हुए भाजपा ने न सिर्फ नीतीश को साथ लिया, बल्कि उनको मुख्यमंत्री भी बनाया। उनके साथ आ जाने के बावजूद भाजपा लोक जनशक्ति पार्टी के दोनों नेताओं चिराग पासवान और पशुपति पारस को साथ रखना चाह रही है और साथ ही उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी से भी तालमेल कर रही है। इतना ही नहीं मुकेश सहनी की पार्टी को भी साथ लेने के प्रयास हो रहे हैं। झारखंड में आजसू के साथ तालमेल में पार्टी एक सीट छोड़ रही है। उत्तर प्रदेश में पहले उसके साथ सिर्फ एक पार्टी अपना दल का तालमेल था, लेकिन अब चार पार्टियों से तालमेल हो गया। उधर महाराष्ट्र में पिछली बार भाजपा और शिव सेना ने मिल कर राज्य की 48 में से 41 सीटें जीती थीं लेकिन बाद में शिव सेना अलग हो गई। भाजपा ने शिव सेना में विभाजन का राजनीति की, जिसके बाद एकनाथ शिंदे अलग हुए और उनके खेमे को असली शिव सेना की मान्यता मिली। इसी तरह शरद पवार की एनसीपी टूटी तो अजित पवार खेमे को असली एनसीपी माना गया। अब भाजपा इन दोनों कथित असली पार्टियों के साथ तालमेल कर रही है और फिर भी पिछली बार का प्रदर्शन दोहराने के भरोसे में नहीं है। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में महा विकास अघाड़ी यानी कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और शरद पवार की पार्टियों को बढ़त बताई जा रही है। ऐसे ही पंजाब में अपनी दो सीटें बचाने के लिए भाजपा एक बार फिर अकाली दल के साथ तालमेल की बात कर रही है। कांग्रेस से आयातित कैप्टेन अमरिंदर सिंह और सुनील जाखड़ निष्प्रभावी साबित हुए हैं। त्रिपुरा की दो सीटों के लिए तिपरा मोथा से तालमेल हो रहा है और उसको सरकार में शामिल किया जा रहा है। सो, भाजपा उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक गठबंधन बनाने में जुटी है, जिसका मकसद किसी तरह से बहुमत हासिल करना है।

# शाहजहां मामले में क्या छुपाना चाहती हैं ममता

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

तब उन्होंने 'ममता बनर्जी' वाला सूत्र अपनाया। शाहजहां को सीबीआई को नहीं दिया। जो करना हो, कर लो। सारा बंगाल देख रहा है। आखिर ममता बनर्जी शाहजहां को इस सीमा तक जाकर भी क्यों बचाना चाहती हैं? यह प्रश्न शेषनाग की तरह फन तान कर उसके सामने खड़ा है। ममता बनर्जी को किस बात का डर है? दूसरे दिन हाई कोर्ट फिर आदेश देता है। शाहजहां को बंगाल पुलिस की सुरक्षा से निकाल कर सीबीआई को सौंप दिया जाए। लगता है हाईब्रिड तक ममता सरकार के शाहजहां को बचाने के सारे हथियार खत्म हो गए हैं। आखिर शाहजहां सीबीआई की कस्टडी में पहुंच गया है। सुना है इसको लेकर ममता बहुत बड़ी रैली करने जा रही हैं। पार्टी ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया कि रैली प्रदेश की पीड़ित महिलाओं के पक्ष में होगी या शाहजहां के पक्ष में बंगाल में शाहजहां शेख ने उनसे पूछताछ करने के लिए गई ईडी की टीम पर अपने लोगों से हमला करवा दिया था। इसके बाद वह 'सरकारी कागजों' में फरार हो गया था। ईडी ने उसके खिलाफ पुलिस के पास एफआईआर दर्ज करवा दी। ऐसे मामलों में सामान्यतया पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करती है। लेकिन पुलिस ने ज्यादा रुचि ईडी की टीम के खिलाफ कार्रवाई करने में दिखाई। पर तब तक इस नए शाहजहां के बारे में यौन शोषण व जमीनें हड़पने के कई मामले सामने आने लगे। लोग, विशेषकर महिलाएं, सडकों पर उतरने लगे तो शाहजहां के खिलाफ नए-नए केस दर्ज होने लगे। लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने में कोई रुचि नहीं दिखाई। अलबत्ता ममता बनर्जी ईडी के खिलाफ जरूर भाषण देती रही। यह भी बताती रही कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को जानबूझकर तंग किया जा रहा है। अब बंगाल की पुलिस को इतना तो पता ही था कि यह शाहजहां मुगल वंश का शाहजहां नहीं है, बल्कि तृणमूल वंश का शाहजहां है। इसलिए उसने कूट भाषा को समझ कर शाहजहां को पकडने की बजाय उसे छिपाने में सारी शक्ति खर्च कर दी। लेकिन इसे ममता का दुर्भाग्य ही कहना चाहिए कि उसके शाहजहां की एक के बाद एक करतूत सामने आती गई। यहां तक कि उसके आदमी सुंदर लड़कियों को उनके परिजनों के सामने ही उ कर ले जाते थे। उनके अपने घर में या पार्टी कार्यालय में ले जाकर उनसे बलात्कार करते थे। लगता था, उन्होंने अपनी इस गतिविधि को भी पार्टी चुनाव घोषणा पत्र का हिस्सा मान लिया हो। जब बंगाल पुलिस यौन शोषण पीड़ित महिलाओं की पक्षधर होने की बजाय शाहजहां की पक्षधर बन गई तो लोग कोलकाता हाई कोर्ट की शरण में गए। वैसे भी अब तक शाहजहां भी सक्रिय हो गया था और लोगों को अपने गुर्गों को माध्यम से धमकाने लगा था। उच्च न्यायालय ने शाहजहां को गिरफ्तार न करने पर प्रदेश सरकार के रवैए पर हैरानी जाहिर की और प्रशासन को उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का आदेश दिया। लेकिन लोग जानते थे कि प्रदेश सरकार की रुचि उसे बचाने में है, न कि गिरफ्तार करने में। प्रदेश में संदेशखाली में शाहजहां के शासन के काले चिट्ठे सामने आ रहे थे। इसलिए हो-हल्ला बढ़ता जा रहा था। मामला यहां तक पहुंच गया था कि प्रदेश सरकार को कोई न कोई सफाई देना जरूरी हो गया था कि वह बताए कि वह तृणमूल नेता शाहजहां को आखिर क्यों गिरफ्तार नहीं कर रही? 'वह मिल नहीं रहा', यह बहाना अब काम नहीं आ रहा था। तब ममता बनर्जी के भतीजे मैदान में उतरे। जिस प्रकार ममता बनर्जी कई शाहजहां की सहायता से बंगाल का प्रशासन चला रही हैं, उसी प्रकार उनके भतीजे अभिषेक बैनर्जी तृणमूल कांग्रेस का प्रशासन चला रहे हैं। अभिषेक ने बाकायदा एक प्रेस कान्फ्रेंस कर कहा कि राज्य सरकार तो शाहजहां को पकडना चाहती है, लेकिन कोलकाता हाईकोर्ट ने ही इस पर रोक लगाई हुई है। वैसे भी शाहजहां को 'भागे हुए' अब पचपन दिन हो ही गए थे। तब हाई कोर्ट ने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए इस प्रकार की बहानेबाजी पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए शाहजहां को तुरंत गिरफ्तार करने के लिए ही नहीं कहा, बल्कि यहां तक आदेश दिया कि उसे प्रदेश पुलिस के अलावा ईडी या सीबीआई भी गिरफ्तार कर सकती हैं। जाहिर है हाई कोर्ट के इस आदेश से ममता के साम्राज्य में हलचल मचती। अब शाहजहां को छिपाना मुश्किल था। खतरा यह हो गया था कि यदि ईडी या सीबीआई ने उसे गिरफ्तार कर लिया तो कहर टूट पड़ेगा। इसलिए उसे तुरंत बंगाल पुलिस की सुरक्षा में लेना पड़ेगा अन्यथा वह ईडी या सीबीआई की गिरफ्त में आ जाएगा। तब पता नहीं क्या-क्या उगल दे। इसलिए तुरंत बंगाल पुलिस ने 'गिरफ्तारी' की ढाल में उसे अपनी सुरक्षा में ले लिया। लेकिन साथ ही अपनी सफलता का जश्न भी मनाना शुरू कर दिया कि बंगाल पुलिस कितनी चुस्त दुरुस्त है कि शाहजहां उसके शिकंजे से बच नहीं सका। पुलिस को लगता था बंगाल के लोग उसके इस आदेश से धोखे में आ जाएंगे। ममता बनर्जी के लोग अपनी इस सफलता पर बाकायदा नाचने लगे। लेकिन यह शोर शराबा ज्यादा देर नहीं चल सका। ममता और उनका भतीजा अभी यह नकली फुलझडियां चला ही रहे थे कि हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि शाहजहां तुरन्त सीबीआई के हवाले कर दिया जाए। अब मामला टेढ़ा हो गया था। हाई कोर्ट ने कहा था शाम साढ़े चार बजे तक अपराधी को सीबीआई के हवाले कर दिया जाए। आम तौर पर होता यह है कि इस प्रकार के मामलों में अपराधी कोर्ट की तरफ भागते हैं कि मुझे सीबीआई के हवाले न किया जाए। जितना बड़ा अपराधी उतना बड़ा वकील। सरकार अपराधियों की इस प्रकार की अपीलों का विरोध करती है। लेकिन शाहजहां के मामले में उलटा हुआ। बंगाल सरकार रात को ही दिल्ली स्थित उच्चतम न्यायालय की ओर भागी। गुजारिश यह थी कि हुजूर किसी तरह हमारे शाहजहां को सीबीआई की कस्टडी में जाने से रोकिए। उधर साढ़े चार बजे का घंटा बज रहा है। सीबीआई के अधिकारी बंगाल पुलिस के दरवाजे पर खड़े हैं, हाईकोर्ट का आदेश लेकर। शाहजहां को हमारे हवाले कीजिए। बंगाल पुलिस का कहना है कि ममता बनर्जी सरकार सुप्रीम कोर्ट गई हुई है शाहजहां को सीबीआई से बचाने के लिए। सीबीआई के अधिकारी पूछ रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने कोई स्टे वगैरह दिया हो तो दिखा दें। लेकिन कोई स्टे नहीं है। दिल्ली में ममता के वकील गुहार लगा रहे हैं, हुजूर यह मसला बहुत जरूरी है। सब काम छोड़ कर तुरंत सुनवाई करें। लेकिन सुप्रीम कोर्ट इसमें कोई जल्दी नहीं देखता। वह तारीख दे देता है। अब ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के पास कोई रास्ता नहीं बचा।

# बॉन्ड बंद होने से चुनावों में बढ़ेगा कालाधन

योगेंद्र योगी

यह राशि इसी अवधि में चुनावी बॉन्ड के जरिए कांग्रेस को मिले चंदे की तुलना में सात गुना अधिक है। कांग्रेस को चुनावी बॉन्ड के जरिए 171 करोड़ रुपए की आय हुई जो वित्त वर्ष 2021-22 में 236 करोड़ रुपए से कम है। राज्य स्तर पर समाजवादी पार्टी को 2021-22 में चुनावी बॉन्ड के जरिए 3.2 करोड़ रुपए की आय हुई थी, लेकिन 2022-23 में उसे इन बॉन्ड के जरिए कोई धनराशि नहीं मिली। वहीं, राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त एक अन्य दल तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) को 2022-23 में चुनावी बॉन्ड के माध्यम से 34 करोड़ रुपए मिले जो पिछले वित्त वर्ष से 10 गुना अधिक राशि है। ऐसा नहीं है कि एसबीआई के लिए बॉण्ड की जानकारी का खुलासा करना कोई बहुत कठिन काम हो। एसबीआई चाहे तो 24 घंटे में जानकारी को मुहैया करा सकती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अर्जी दाखिल करके बॉण्ड की जानकारी सार्वजनिक करने के लिए 30 जून तक समय मांगा है। दरअसल इस बीच लोकसभा चुनाव सम्पन्न हो जाएंगे। इसके बाद केंद्र की भाजपा सरकार को मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले चुनावी बॉण्ड का खुलासा होने पर सर्वाधिक समस्या बॉण्ड के रूप में चंदा देने वाले उद्योगपतियों और व्यवसायियों को आई। भाजपा को चूंकि सर्वाधिक चंदा मिला है, ऐसे में बॉण्ड के खरीददार कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के निशाने पर रहेंगे। विशेषकर जिन राज्यों में कांग्रेस और गैर भाजपा दलों की सरकारें हैं, उनमें बॉण्ड खरीददारों को सत्तारूढ़ दलों के कोपभाजन का निशाना बनना पड़ सकता है। राजनीतिक दुर्भावना की नीयत से इनके खिलाफ कार्रवाई करने में विपक्षी दल कसर बाकी नहीं




छोड़ेंगे। गौरतलब है कि राहुल गांधी और विपक्षी पार्टी के नेता पहले ही अडानी और अंबानी को घेरे हुए हैं। यही वजह है कि एसबीआई गले पड़ी इस मुसीबत को टालने के लिए 30 जून तक का समय मांग रही है। इस अवधि के बाद केंद्र की भाजपा सरकार को किसी बात का डर नहीं रहेगा। भाजपा को पूरी उम्मीद है कि फिर केंद्र में सरकार उसकी ही बनेगी। सरकार बनने के बाद भाजपा के बॉण्ड के खरीददारों को सुरक्षा देने में केंद्र सरकार कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। लेकिन इससे पहले यदि इनके नामों का खुलासा किया गया तो निश्चित तौर पर राज्यों के सत्तारूढ़ विपक्षी दल खरीददारों को बख्शेंगे नहीं। कारण स्पष्ट है कि भाजपा की तुलना में कांग्रेस को बेहद कम और अन्य दलों को अल्पमात्र चंदा मिला है। पिछले महीने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने चुनावी बॉण्ड योजना को रद्द कर दिया था और एसबीआई को राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि जानकारी में नकदीकरण की तारीख और बॉण्ड के मूल्यवर्ग को शामिल किया जाना चाहिए और 6 मार्च तक चुनाव पैनल को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को आदेश दिया था कि वह इन बॉण्डों को जारी करना बंद कर दे और इस माध्यम से किए गए दान का विवरण चुनाव आयोग को दे। इसके बाद चुनाव आयोग से कहा गया कि वह इस जानकारी को 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करे। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने माना कि काले धन से लडने और दानदाताओं की गोपनीयता बनाए रखने का घोषित उद्देश्य इस योजना का बचाव नहीं कर सकता। अदालत ने कहा कि चुनावी बॉण्ड काले धन पर अंकुश लगाने का एकमात्र तरीका नहीं है। चुनावी बांड योजना 2018 में काले धन को राजनीतिक प्रणाली में प्रवेश करने से रोकने के घोषित उद्देश्य के साथ शुरू की गई थी। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा था कि भारत में राजनीतिक फंडिंग की पारंपरिक प्रथा नकद दान है। उन्होंने कहा था, 'स्रोत गुमनाम या छद्म नाम हैं।' धन की मात्रा का कभी खुलासा नहीं किया गया। वर्तमान प्रणाली अज्ञात स्रोतों से आने वाले अशुद्ध धन को सुनिश्चित करती है। यह पूरी तरह से गैर-पारदर्शी प्रणाली है। गोपनीयता खंड पर, उन्होंने कहा था कि दानदाताओं की पहचान का खुलासा उन्हें नकद विकल्प पर वापस ले जाएगा। दानकर्ता की जानकारी गोपनीय रखने के लिए एसबीआई ने इलेक्टोरल बॉण्ड की खरीद और भुगतान के संबंध में देशभर में अपनी 29 अधिकृत शाखाओं (जहां से पहले इलेक्टोरल बॉण्ड जारी होते थे) के लिए एक स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) तय किया था। इसमें कहा गया था कि गोपनीयता बनाए रखने के लिए इलेक्टोरल बॉण्ड खरीदने वाले के बारे में कोई भी ब्योरा यहां तक कि केवाईसी भी कोर बैंकिंग सिस्टम में नहीं डाली जाएगी। एसबीआई ने कहा है कि शाखाओं के जरिए खरीदे गए इलेक्टोरल बॉण्ड का ब्योरा केंद्रीयकृत ढंग से एक जगह नहीं रखा जाता। बॉण्ड खरीदने और उसके भुगतान की तिथि से जुड़ा ब्योरा दो भिन्न सिलोस में रखा जाता है। भारतीय स्टेट बैंक ने राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए चुनावी बॉण्ड का विवरण अब तक साझा नहीं किया है। इसकी डेडलाइन भी निकल चुकी है। स्टेट बैंक ने राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय देने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर एक आवेदन में स्टेट बैंक ने दलील दी कि प्रत्येक साइलो से जानकारी फिर से प्राप्त करना और एक साइलो की जानकारी को दूसरे से मिलाने की प्रक्रिया में समय लगेगा। चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### पालक एवं बच्चों के साथ तालमेल बैठाकर जीवन जीने के गुर सिखाएंगे जैन धर्म गुरु ऋषभ सागर जी



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** उपाध्याय प्रवर परम पूज्य श्री महेंद्र सागर जी एवं मनीष सागर जी महाराज के शिष्य ऋषभ सागर जी दुर्ग नगर के ऋषभ नगर स्थित नवकार भवन में बच्चों के पालकों को जीवन में तालमेल बैठे हुए बच्चों को कैसे संस्कारवान, ज्ञानवान और अन्य जीवन जीने के तरीके सीखने जा रहे हैं जो कल 13 मार्च से 17 मार्च तक नवकार भवन दुर्ग में आयोजित होने वाला है जिसमें दी गई लिंक में अपना रजिस्ट्रेशन करा कर इस पांच दिवसीय शिविर में भाग लिया जा सकता है बच्चों के माता-पिता को एवं गार्जियन को बच्चों के साथ कैसे तालमेल बैठाकर जीवन के हर मार्ग में कैसे सफल हो इन विषयों पर यह पांच दिवसी शिविर आधारित रहेगा श्री ऋषभ सागर जी महाराज इसके पूर्व भी कई अन्य रोचक विषयों पर अपना प्रेरक मार्गदर्शन धर्म सभा में दे चुके हैं चुके हैं। आयोजित होने वाले यह शिविर इन विषयों पर आधारित होंगे

शिविर के विषय

अपने बच्चों के लिए समय कैसे निकाले ?

अपने बच्चों को कितनी सुविधा दें ? कब दे ? क्यों दें ?

क्रोध से कैसे बचें ?

अच्छा व्यवहार व अच्छी आदतें कैसे सीखें ?

अपने बच्चों को कैसे प्रेरित करें ?

अपने बच्चों का अच्छा ट्रेनर कैसे बने ?

पनिशमेंट का सही तरीका क्या है ?

श्री श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के बैनर तले इस पांच दिवसीय शिविर मैं लगभग 275 लोगों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया है आयोजन प्रतिदिन प्रात: 9:00 बजे से 10:00 बजे तक नवकार भवन में आयोजित है मूर्ति पूजक संघ के पदाधिकारी ने पालकों से इस शिविर में भाग लेकर अपनी सोच का दायरा बढ़ाने का आह्वान किया है।

### आर्टिकल 370 फिल्म ऐतिहासिक फिल्म है - राज्यपाल श्री हरिचंदन





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने आज जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और मीडिया प्रतिनिधियों के साथ राजधानी रायपुर के स्थानीय मॉल में जाकर फिल्म 'आर्टिकल 370' देखी। फिल्म देखकर उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक फिल्म है। आजादी के 70 साल के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह साहसिक एवं महत्वपूर्ण फैसला लिया गया जिससे पूरे देश में देश भक्ति की भावना जागृत हुई और लोगों ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने पर खुशी व्यक्त की। इस निर्णय से जम्मू कश्मीर के विकास का रास्ता खुल गया। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं हो सकते और उन्होंने अपनी जीवन की कुर्बानी भी इस ध्येय के लिए दी थी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से सीमा पार आतंकवाद में भी कमी आई है और जम्मू कश्मीर में शांति का वातावरण स्थापित हुआ है। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने सभी नागरिकों से इस फिल्म को अवश्य देखने की अपील की है। इस अवसर पर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, राज्यपाल के सचिव श्री यशवंत कुमार, विधिक सलाहकार श्री राजेश श्रीवास्तव, राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### गर्भकल्याणुक (उत्तरार्ध) माँ ही पुराण पुराण - माँ माही ही कुरान : संघानसागर जी महाराज



संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 संघानसागर जी महाराज ने कहा कि किसी ने वेद लिखा, किसी ने कुरान लिखा किसी ने बाडबिल और पुराण लिखा। लिखनी तो थी सारी दुनिया मुझे मैने तो प्यार से एक शब्द माँ लिखा । माँ की महिमा अपरम्पार है - महात्मा, परमात्मा, आत्या सबमें माँ जुड़ा है- आपकी आत्मा से परमात्मा को पाना है तो माँ माध्यम है चाहे वह धरती माता हो या भारत माता हो या गौ माता, जन्मादात्री माता हो या जिनवाणी माता हो । पूज्य वर ने कहा कि पिता बीज है पर माँ ती धरती है। किसी के खातिर अल्लाह होगा, किसी के खातिर राम। लेकिन अपने लिए तो जिन्दगी में मा ही चारो धाम । पत्नि पसंद की हो सकती है माँ तो पुष्प से ही मिलती.है। माँ ही मन्दिर- मां ही तीरथ, माँ पुजन की थाली । बिन मो के जीवन ऐसा है जैसे बगिया बिन माली। मां शास्त्रो का शास्त्र है, माँ त्याग की मूर्ति है। माँ संस्कारो की पाठशाला है। माँ धरती पर सबसे महान है। माना हिमालय बहुत ऊँया है पर माँ से ऊंचा नहीं, सागर बहुत गहरा है पर मां से गहरा नहीं; वायु गतिशील है माँ से ज्यादा नहीं' । मुनि श्री जी ने अंत में हायकू लिया - खानपान हो संस्कारित शिक्षा से खानशन हो खानदान को सुरक्षित एवं संस्कारित रखना चाहते हो तो खानपान अपना अच्छा रखें ।

## उज्ज्वला योजना के अंतर्गत नि:शुल्क गैस सिलेंडर,चूल्हा,कनेक्टर हुआ वितरित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शंकर नगर वार्ड 30 पार्षद सुमन राम प्रजापति ने बताया कि शंकर नगर वार्ड के अंतर्गत पात्र महिलाओ को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत नि:शुल्क गैस सिलेंडर,चूल्हा,कनेक्टर वितरित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री श्री संजय श्रीवास्तव जी,भाजपा पूर्व राज्य मंत्री श्री छगन लाल मूंदड़ा जी, ज़ोन क्रमांक 03 के अध्यक्ष डॉ.श्री प्रमोद साहू जी, भाजपा नेता श्री पीयूष मिश्रा जी उपस्तिथ रहे

कार्यक्रम में पार्षद सुमन राम प्रजापति द्वारा सभी बहनों को सर्वप्रथम तिलक लगा कर आरती की गई तत्पश्चात उपस्तिथ अतिथिजनो ने महिलाओ को गैस सिलेंडर, चूल्हा ,कनेक्टर एवम पासबुक वितरित की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री सजंय श्रीवास्तव जी ने सभी बहनों को शुभकामनाये दी। वंही श्री छगन मूंदड़ा जी ने इसे मोदी की गारंटी बताया ।डॉ. प्रमोद साहू जी एवं पीयूष मिश्रा जी भी सभी मातृ शक्ति को सम्बोधित कर शुभकामनाये दी।

पार्षद प्रजापति ने बताया कि अभी फिलहाल 225 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 45 महिलाओ को इस योजना का लाभ मिला है शेष महिलाओ को लोकसभा चुनाव के पश्चात पुन: नि:शुल्क गैस कनेक्शन वितरित किया जाएगा। एवं जिनके परिवार में एक भी गैस कनेक्शन नही है वह प्रात: 9 से दोपहर 12 बजे तक पार्षद कार्यालय में आवेदन कर सकते है। इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रामदास मानिकपुरी जी, आनन्द गायधने जी,अनूप वर्मा जी,शाहिद हुसैन जी, श्रवण मिश्रा जी, वीरमणि चौबे जी,पीयूष बरड़िया जी,राम तांडी जी, इंद्र नायक जी, महेन्द्र धनकर जी,आशु अग्रवाल जी,भारती यादव जी,शम्भू लौवंशी जी,राज सोना जी,सहित वार्ड के नागरिकगण उपस्तिथ हुए।

## राज्य स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के महापंचायत में प्रचार सामग्री का नि :शुल्क वितरण

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में पंचायत प्रतिनिधियों के राज्य स्तरीय महापंचायत में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमो पर आधारित जनसंपर्क संचालनालय द्वारा प्रकाशित सामग्री का नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है । इनमें मोदी की गारन्टी पॉकेट बुक, विष्णु देव के त्वरित निर्णयों से हो रहा है सुशासन का सूर्योदय, रामलला का सचित्र केलेण्डर सुशासन के दो माह पुस्तक सहित मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन के फरवरी अंक का वितरण किया जा रहा है। प्रचार सामग्री प्राप्त करने के लिए त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं जिसमे जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियो का जनसमूह उमड़ पड़ा । बड़ी तादात में आये जनसमुदाय ने पुस्तको का अवलोकन करने के पश्चात कहा कि विष्णु देव सरकार ने अल्प समय मे ही जनहित कारी फैसले लेकर उनका क्रियान्वयन भी शुरू कर दिया है। इससे आम लोगो के जीवन मे बदलाव आ रहा है। राज्य सरकार ने शपथ के दूसरे दिन ही प्रदेश के 18 लाख गरीबो के लिए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किये है।

## शिक्षा के माध्यम से ही समाज और राष्ट्र को होगा विकास,समाजिक बुराइयों को दूर करना हम सब की जिम्मेदारी -उपमुख्यमंत्री अरुण साव



### सामूहिक आदर्श विवाह एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** तहसील साहू संघ पलारी,रोहांसी,भवानीपुर,दतान परिक्षेत्र व नगर साहू संघ पलारी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आदर्श विवाह व सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम छेरकापुर में किया गया। जिसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने भक्त माता कर्मा के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद कबीर आश्रम के महंत ने विधि विधान के साथ विवाह संपन्न कराया।उपमुख्यमंत्री श्री साव सहित समस्त अतिथियों व समाजिक पदाधिकारियों ने 28 जोड़े नव दंपत्तियों को शुभाशीष दिया और उनके सुखमय व मंगलमय जीवन की कामना की।=सफल आयोजन के लिए जिला अध्यक्ष सुनील साहू को उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बधाई दी है। श्री साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृति को सहेजे हुए आधुनिकता की ओर समाज आगे की ओर ले जाना है। इसके लिए समाज में मौजूदा बुराईयों एवं प्रथाओं को दूर करते हुए हम सब को शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है। शिक्षित समाज से ही एक सशक्त राज्य और राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि साहू समाज की सामूहिक आदर्श विवाह एक प्रशंसनीय पहल है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के माता-पिता को अपने बेटियों के शादीकी चिंता सदैव बनी रहती थी। बेटियों की शादी के लिए कर्ज लेने या संपत्ति बेचने तक की नौबत आ जाती थी। इस आदर्श विवाह का लाभ उन गरीब परिवार की बेटियों को मिल रहा है। साहू समाज की इस पहल को निर्भीक निर्णय बताते हुए इसकी सराहना की। कार्यक्रम को विधायक संदीप साहू एवं मोती राम साहू ने भी संबोधित किया।

इस मौके पर कसडोल विधायक संदीप साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक मोती राम साहू,पूर्व विधायक शकुंतला साहू,कलेक्टर के एल चौहान,जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, प्रदेश साहू समाज अध्यक्ष टहल सिंह साहू,सहित समाज के अन्य पदाधिकारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इसके साथ ही मुख्य मंच से समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का शॉल,श्री फल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## महिला दिवस 2024: वेदांता एल्यूमिनियम ने शुरु किया #TheFutureOfMetAL अभियान



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 से पहले भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने #TheFutureOfMetAL शीर्षक से धातु व खनन उद्योग में कार्यरत महिलाओं के विषय पर एक प्रभावशाली सोशल मीडिया अभियान शुरु किया है। इस मुहिम के तहत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और लघु फिल्मों का इस्तेमाल करते हुए महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे इन उद्योगों में बेहतरीन करियर बनाने के लिए आगे आएं। यह मुहिम इस उद्योग की कोशिशों का एक हिस्सा है कि इन क्षेत्रों में महिलाओं की नुमाइंदगी में इजाफा किया जाए क्योंकि सामाजिक पूर्वाग्रहों और मजबूत रोल मॉडल न होने की वजह से धातु व खनन उद्योग में महिलाओं की संख्या वृद्धि बहुत ही धीमी रही है।

#TheFutureOfMetAL कैम्पेन में रचनात्मक ढंग से इस चुनौती को दो तरह से हल किया गया है। पहला, यह कैम्पेन इस पूरे उद्योग को करियर की प्रारंभिक अवस्था में मौजूद महिला पेशेवरों के लिए एक आकर्षक क्षेत्र के तौर पर प्रस्तुत करती है। दूसरा, वेदांता एल्यूमिनियम में कोर ऑपरेशंस संभाल रही महिला पेशेवरों के जीवन की झलक भी इसमें दिखाई गई है। कंपनी की महिला कर्मचारियों को रोल मॉडल की तरह दर्शाया गया है ताकि और ज्यादा महिलाएं स्वयं की कल्पना इस उद्योग में काम करते हुए कर सकें। वेदांता एल्यूमिनियम का लक्ष्य है की निकट भविष्य में उसके सकल कार्यबल का कम से कम एक तिहाई हिस्सा महिला कर्मचारियों का हो और इस कैम्पेन के माध्यम से कंपनी उस लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर होना चाहती है।

इस मुहिम का पहले भाग का शीर्षक है 'वुमेन ऑफ मेटल', इसमें लघु फिल्मों की एक श्रृंखला दिखाई गई है जिनमें दर्शक देखेंगे कि वेदांता एल्यूमिनियम में युवा महिला पेशेवर किस तरह से महत्वूर्ण दायित्व निभा रही हैं। कंपनी एक कदम और आगे जाते हुए महिलाओं को रात की पाली में काम करने का मौका दे रही है ताकि वे पुरुष कर्मचारियों के समकक्ष हो सकें, भारतीय संदर्भ में यह एक अनूठी चीज है। दूसरे भाग का शीर्षक है 'द फ्यूचर फीमेल सिरीज़' इसमें कंपनी के कोर फंक्शंस में कार्यरत महिला पेशेवरों को दर्शाया गया है जैसे कि माइन ऑपरेशंस, मेटल प्रोडक्शन, पावर जेनरेशन, प्लांट मैनेजमेंट व असैट सिक्युरिटी। जेनरेटिव एआइ टेक्नोलाजी का इस्तेमाल करते हुए इसमें दिखाया गया है कि ये कर्मचारी अपने मौजूदा माहौल से तकनीकी रूप से उन्नत भविष्य में पहुंच जाती हैं, इस तरह यह बताया गया है कि ये करियर भविष्य में भी आकर्षक बने रहेंगे।

इस कैम्पेन में प्रस्तुत की गई कहानियां इसलिए अहमियत रखती हैं क्योंकि धातु, खनन व मैन्युफैक्चरिंग उद्योगों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अत्यंत कम है। भारत की तीव्र आर्थिक प्रगति के चलते इन उद्योगों में कई गुना वृद्धि अपेक्षित है और दुनिया भर में ऊर्जा के परिवर्तन में तेजी आने को है, इसलिए भविष्य में धातुओं का महत्व बहुत बढ़ जाएगा। वेदांता एल्यूमिनियम बढ़ती मांग की पूर्ति के लिए सक्रियता से अपने प्रचालनों का विस्तार कर रही है, नतीजतन इन क्षेत्रों में नए करियर विकल्पों का तो जैसे विस्फोट ही हो जाएगा।

## नवागढ़ महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

### अगाध श्रद्धा के साथ भक्तों ने किया अरनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक और अरनाथ मण्डल विधान

### विलक्षण और अनमोल धरोहर का खजाना है नवागढ़ की पुरा सम्पदा



**ललितपुर।** भगवान अरनाथ स्वामी के अतिशय सम्पन्न विश्व के एक मात्र प्रागैतिहसिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ विकासखंड महरौनी का नवागढ़ महोत्सव में मंगलवार को ब्र. जय कुमार जी निशान्त भैया के निर्देशन में प्रात: 7 बजे देव आज्ञा, गुरु आज्ञा, आचार्य निमंत्रण किया गया इसके बाद 8.25 बजे ध्वजारोहण हुआ। इसके बाद अरनाथ मंडल विधान श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य के साथ किया। 9.30 बजे से मूलनायक अरनाथ भगवान का वार्षिक महामस्तकाभिषेक करने श्रद्धालु उमड़ पड़े। अरनाथ भगवान का गर्भ कल्याणक महोत्सव भी विधि विधान से मनाया गया।

प्रचार मंत्री डॉ सुनील संचय ने बताया कि प्रथम स्वर्ण कलश से महामस्तकाभिषेक सनत कुमार जैन मेरठ ने किया। द्वितीय स्वर्ण कलश से इंजी शिखरचंद्र जैन पुष्प परिवार व तृतीय स्वर्ण कलश से मोहनलाल जैन छतरपुर ने किया।

शांतिधारा करने का सौभाग्य देवेंद्र जैन पुष्पांजलि परिवार इंदौर तथा निर्मल संजय जैन रेवाड़ी को प्राप्त हुआ। रजत कलश से पवन जैन खुरई,

वी के जैन, आईएएस ऑफिसर सेवानिवृत्त, झांसी ने महामस्तकाभिषेक किया।

इस अवसर पर विद्वानों , अतिथियों ने नवागढ़ के पुरातात्विक और ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। आयोजन का संचालन महामंत्री वीरचन्द्र जैन नेकौरा ने किया।

विशिष्ट अतिथि अर्चना जैन सदस्य नीति आयोग भारत सरकार,राजकुमार जैन चूना जिलाध्यक्ष भाजपा, देवगढ़ तीर्थक्षेत्र के अध्यक्ष अनिल अंचल ललितपुर, वी के जैन सेवानिवृत्त डी एफ ओ, झांसी, डॉ नरेन्द्र कुमार जैन टीकमगढ़, बाबूलाल मैनवार आदि मंचासीन रहे।

विधि विधान ब्र. जय कुमार जी निशान्त भैया के निर्देशन में पंडित मनीष संजू, अजित वैद्य, पंडित इंद्र कुमार, पंडित संतोष जैन, पंडित सुनील शास्त्री ने संपन्न कराया।

नवागढ़ तीर्थक्षेत्र व नवागढ़ गुरुकुलम कमेटी के पदाधिकारियों ने आगुन्तक अतिथियों, विद्वानों का सम्मान किया।

इस मौके पर सनत जैन एडवोकेट अध्यक्ष, वीरचंद्र जैन, नैकोरा, महामंत्री, सुरेन्द्र सोजना, अशोक मैनवार, एडवोकेट संदीप जैन सोजना ,नरेंद्र जैन, पंडित इंद्र कुमार जैन, डॉ सुनील संचय, इंजीनियरिंग शिखरचंद्र जैन जैन, राकेश ककरवाहा, चन्द्रभान जैन , पर्वत सिंह, सुनील वैद्य , डॉ भरत गुढ़ा, वीरेंद्र सापौन, राजीव चंद्रपुरा, सिंध पाल सिंह बुंदेला ग्राम प्रधान मैनवार, जिनेन्द्र जैन डिस्को, मनमोहन कौशिक, सोमचन्द शास्त्री शिक्षक, राजकुमार चूना टीकमगढ़, बबलू सिंघई, धीरेंद्र सिंघई बड़ागांव, , शुभम जैन आदि मौजूद रहे।

पुलिस बल रहा सुरक्षा में तैनात : आयोजन के दौरान सोजना थाना की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात रही।

कल्याणायु ई मलम का नि:शुल्क वितरण : इस मौके पर जनक जननी के द्वारा कल्याणायु ई मलम का नि:शुल्क वितरण डॉ देवेंद्र जैन, डॉ मुन्ना लाल जैन के निर्देशन में सैकड़ों लोगों को बांटी गई। अतिथियों ने शुभारंभ कराया।

ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है नवागढ़ :

इस मौके पर अतिथियों और विद्वानों ने कहा कि नवागढ़ में होने वाले अन्वेषण यहां की समृद्ध संस्कृति, इतिहास, राजनीतिक संबद्धता यहां के ग्रामीण जनों की खुशहाली को दर्शाते हैं । ना जाने कितने क्षेत्र में फैला होगा यह नवागढ़ , जहां आज तरह-तरह के साक्ष्य प्राप्त हो रहे हैं।

पुरातात्विक महत्व से भरा पड़ा हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है नवागढ़।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर बुधवार 13 मार्च 2024



## संक्षिप्त समाचार

### एक युवक ने खुद का गला काटकर की आत्महत्या

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिले के जंगलपुर थानाक्षेत्र में एक युवक ने अपना गला काटकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। वहीं घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगाल रही है। मिली जानकारी के अनुसार भैयालाल वर्मा ने मौखिक मर्ग रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका दामाद मृतक कलेश्वर जंघेल 38 वर्ष निवासी जंगलपुर थाना छुईखदान की शराब पीने का आदी होने के कारण मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। जिसका इलाज चल रहा था। 10 मार्च को रात्रि लगभग 2 बजे उसके घर के किचन में दामाद कलेश्वर जंघेल लोहे के परसुल से अपना गला काटकर घर से बाहर निकल गया। वह जैसे तैसे बाहर घर से बाहर निकला और बाहर निकलने के पश्चात उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट पर थाना साल्हेवारा में 24 धारा 174 जाफौ के तहत मर्ग कायम कर जांच कार्रवाई में लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के पुलिस कप्तान त्रिलोक बंसल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गंडई लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में घटना स्थल का एफएसएल टीम यूनिट रायपुर से जांच कराया गया। वहीं मामले में एक्सपर्ट राय लिया जा रहा है। मृतक के शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम मे लिए भेजा गया है। मृत्यु का असल कारण पीएम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस घटनास्थल में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए हर एंगल से जांच कर रही है।

### ट्रक अनियंत्रित होकर कार पर पलटी, चार की मौत

**बालोद(विश्व परिवार)।** पुरुर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-30 पर मरकाटोला गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक पलटकर कार पर गिर गया, जिसके चलते चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना इतनी जोरदार थी कि कार सवारों को बचने का मौका ही नहीं मिल पाया। हादसे में कार सवार एक महिला समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वे कांकेर जा रहे थे। शवों को क्षतिग्रस्त कार से निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक को पकड़ने के प्रयास जारी हैं जो इस घटना के बाद से फरार है।

### ऑनलाइन सट्टा खिलाते एक युवक गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के सीएसईबी चौकी पुलिस के टीम ने ऑनलाइन सट्टा खिलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सेमसंग कंपनी का मोबाइल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि संकेत अग्रवाल दादूराम हार्डवेयर दुकान के सामने एक युवक अपने मोबाइल में ऑनलाइन रूपए पैसे का दांव लगाकर हार जीत का जुआ सट्टा खेल रहा है। सूचना पर पुलिस के टीम को दादूराम हार्डवेयर के सामने एक व्यक्ति मिला जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम संकेत अग्रवाल 30 वर्ष निवासी पाटीदार भवन के पीछे सीएसईबी कोरबा होना बताया। जिसके कब्जे से रखें एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन को चेक करने पर लाइव बुकी नामक ऑनलाइन सट्टा आईडी बनाकर रूपए पैसे का दांव लगाकर सट्टा खेलते हुए मिला। आरोपी संकेत अग्रवाल से इस संबंध में पूछताछ किया गया उसने सट्टा खेलना स्वीकार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### रास्ता रोककर युवती से अनाचार, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** बिलासपुर में एक युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। युवती अपने दोस्त से मिलकर घर लौट रही थी। तभी रास्ते में दो बदमाशों ने अंधेरे का फायदा उठाकर उसे पकड़ लिया और खंडहर में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान बदमाशों ने उसका वीडियो भी बना लिया और युवती को धमकाते हुए बोला कि अगर शिकायत करेगी तो वीडियो वायरल कर देंगे। शुक्रवार की इस घटना के बाद रविवार को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। 22 वर्षीय युवती ने शनिवार को पुलिस को बताया कि वह सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रहती है। शुक्रवार की रात अपने दोस्त से मिलने कुदुदंड गई थी, जहां से रात करीब 2 बजे पैदल घर लौट रही थी। उसी समय रास्ते में अभिषेक खांडे उर्फ बड़कू 24 वर्ष और विक्की कुर्रे उर्फबईगा 20 वर्ष अंधेरे में छिपकर बैठे थे। इस दौरान युवकों ने अंधेरे का फायदा उठाकर उसे जबरदस्ती पकड़ लिया और खंडहरनुमा जर्जर मकान में ले गए, जहां दोनों ने मिलकर उसके साथ रेप किया। युवकों ने उसका वीडियो भी बनाया और बोला कि तुम चुप रहना, इस घटना के बारे में किसी को मत बताना।

## सामूहिक कन्या विवाह में जिले के 220 बेटियों के हाथ हुए पीले

### नववधुओं को 21 हजार रूपये सहित अन्य सामान उपहार किया गया प्रदान



**सुकमा(विश्व परिवार)।** जिला मुख्यालय में स्थित हड़मा स्टेडियम सुकमा में रविवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। योजना अंतर्गत जिले के 220 बेटियों का विवाह सम्पन्न हुआ। सभी जोड़ों का धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में शामिल श्री धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती, बारसे माड़े, श्री अरुण सिंह भदौरिया, श्री हूंगाराम मरकाम, श्री विश्वराज सिंह चौहान, सरपंच सिलगेर श्री कोरसा सन्नू, श्री उपेन्द्र चौहान, श्री विवेक यादव, श्री नरेन्द्र सोड़ी, विक्रांत सिंह देव, श्री गंडामी, झापरा सरपंच बारसे जोगा, श्री राजकुमार कश्यप सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। राज्य शासन द्वारा योजना अंतर्गत 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता नव विवाहित जोड़ों को दी जाती है। सामूहिक विवाह में वधुओं को 21 हजार रूपये का चेक राशि सहित शेष राशि से श्रृंगार सामग्री, आलमारी, थाली, कटोरी, गिलास, अन्य उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने नवदम्पतियों के परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने वर-वधुओं के सुखमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि आप सभी समाज के लिए प्रेरणा बनें एवं आदर्श जीवन यापन करें। आयोजन में 220 जोड़े पूरे रीति रिवाज से पवित्र बंधन में आबद्ध हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री धनीराम बारसे ने कहा कि आज 220 जोड़ो का सामूहिक विवाह सम्पन्न हो रहा है। सभी जोड़ो को अपने माता पिता, परिवारजन सहित कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न समाज के लोगों, वरिष्ठजनों का शुभ आशीष मिल रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन को इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं व बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में राज्य में विकास कार्यों में तेजी आई है। प्रदेश सरकार सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर उनके कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू कर रही है। सामूहिक कन्या विवाह के अंतर्गत अतिथियों ने बताया कि इस योजना के तहत शासन की ओर से की जाने वाली सहायता से विवाह में होने वाले खर्चों की फिक्र दूर हो गई है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत दिए जाने वाली सहायता राशि और शादी का खर्च शासन द्वारा निर्वहन करने से परिवारों में बेटियों की शादी की चिंता दूर हो गई है। सामूहिक कन्या विवाह में शामिल होने आये वर-वधुओं और उनके परिजनों ने शासन की इस योजना के लिए आभार जताया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री हरिस. एस, सीईओ जिला पंचायत लक्ष्मण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता, डीपीओ श्रीमती संजुला शर्मा, श्री जितेन्द्र बघेल, महिला बाल विकास के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद थे।

## मोबाइल शॉप का मुखौटा लगाकर सट्टा का संचालन

**ब्लेकमेलर गिरोह भी है कोरबा में सक्रिय**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की सक्रियता और कार्यप्रणाली से जागी कार्रवाई की उम्मीद**

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर संपूर्ण जिले में अवैध और अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी में सीएसईबी चैकी पुलिस ने एक प्रतिष्ठित व्यवसायी परिवार के युवक संकेत अग्रवाल को ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार किया है। छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा एप के खिलाफई डी की कार्रवाई के बाद यह भ्रम फैल गया था की प्रदेश में ऑनलाइन सट्टा बंद हो गया है, लेकिन सच्चाई यह है कि राज्य में अभी भी बड़े पैमाने पर सट्टा का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है। कोरबा में भी सट्टा का अनैतिक आर्थिक अपराध बड़े पैमाने पर निर्वाध गति से चल रहा है। शहर के हजारों युवा इसकी चपेट में है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ऑनलाइन सट्टा का सबसे बड़ा संचालक ट्रांसपोर्ट नगर में मोबाइल शॉप का संचालन करने वाला कथित व्यापारी है। बताया जाता है कि इस सटोरिया ने पिछले करीब 4 वर्ष के दौरान 5 करोड़ रुपयों से भी अधिक की काली कमाई सट्टा के जरिये की है। इस सटोरिया का पुराना आपराधिक रिकार्ड भी है। पुलिस ने पिछले वर्ष इस सटोरिया के मोबाइल शॉप में छापा मार कार्रवाई भी की थी, लेकिन वास्तविक अपराधी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई थी। दुकान के एक छोटे कर्मचारी को गिरफ्तार कर कागजी कार्रवाई कर ली गई थी। इस सिलसिले में एक चैंकाने वाली खबर यह भी है कि कोरबा में अपराधियों का एक ऐसा गिरोह सक्रिय है, जो शहर के संपन्न परिवार के युवाओं को अपने जाल में फंसा कर सट्टा और ड्रग्स का आदी बना देता है। चूंकि इन युवकों को परिवार से जेब खर्च के लिए सीमित राशि ही दी जाती है, इसलिए इस गिरोह के लोग उन्हें ब्याज पर रुपये देते हैं और बाद में उनके अभिभावकों से बदनाम कर देने अथवा उनके बच्चों को शारीरिक प्रताड़ना देने की धमकी देकर कई गुना अधिक राशि वसूलते हैं। बताया जाता है कि बदनामी के डर से गिरोह की मांग मान ली जाती है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस यदि हाल के सट्टा प्रकरण की बारीकी से जांच करती है, तो कई बड़े मामलों का खुलासा हो सकता है। साथ ही मोबाइल शॉप का मुखौटा लगाकर लम्बे समय से महादेव एप्प और ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वाले शातिर अपराधी का पर्दाफाश हो सकता है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अवैध और अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उनकी सक्रियता और कार्यप्रणाली से आम नागरिकों में सट्टा और ब्लैक मेलर गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की उम्मीद जागी है।

## शांति एवं कानून व्यवस्था समिति की बैठक संपन्न

**महत्वपूर्ण चौक-चौराहों पर होगी पुलिस की नजर**

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में शांति एवं कानून व्यवस्था समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इसके साथ ही होली एवं फागुन मड़ई जैसे पर्व के अवसर पर जिले में शांति एवं व्यवस्था कायम रखने के लिए शांति एवं कानून व्यवस्था समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि महत्वपूर्ण चौक चौराहों पर पुलिस की ड्यूटी होगी। शंखिनी-डंकिनी नदी पर नहाने के दौरान किसी तरह की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए गोताखोर दल की ड्यूटी 16 मार्च से 28 मार्च तक लगाई जाए। होलिका दहन के दिन भी पुलिस की खास व्यवस्था करने के निर्णय बैठक में लिए गए। नगर के महत्वपूर्ण होलिका दहन वाले जगहों में पुलिस एवं नगर सेना की ड्यूटी लगाई जाएगी। ट्रांसमिशन लाइन के आसपास होलिका दहन न हो, इस बात का खास ध्यान रखा जाए। अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए फायर ब्रिगेड से संबंधित पूरी तैयारी रखी जाए। सभी थाना प्रभारी होली पर्व के दिन विशेष रूप से गश्त करें तथा असामाजिक तत्वों पर नजर रखें। फागुन मेले में शामिल होने वाले अधिकांश ग्रामीण किसी भी तरह का रंग लगवाना पसंद नहीं करते, अतएव उनकी असुविधा का खास ध्यान रखा जाए।

## हिंदु देवी देवताओं को अपमानित कर अपने धर्म का प्रचार करने वाला कथित पास्टर गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में हिंदू धर्म के देवी देवताओं को अपमानित कर अपने धर्म का प्रचार करने के मामले में कथित पास्टर बामिया पूर्ति को गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के नगर पालिका वार्ड नंबर 25 के अमरैया पारा का है। पुलिस ने पास्टर बामिया पूर्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। तथा मौके से बैनर, पोस्टर, पुस्तकें, पानी, सरसों तेल की बोतल आदि जब्त किया है। मिली जानकारी अनुसार के वार्ड नंबर 25 निवासी शिव कुमार साहू ने बताया की वह सुबह अपने घर में था। बामिया पूर्ति नाम का व्यक्ति पास्टर पादरी घर में टेंट और लाउडस्पीकर लगाया हुआ था। ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार कर रहा था। इस दौरान 100-150 की संख्या में हिंदू धर्म के लोग एकत्रित थे। इस दौरान पास्टर हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने का झांसा दे रहा था। माइक से कह रहा था कि हिंदू देवी देवता किसी प्रकार के दुख दर्द को दूर नहीं कर सकते हैं। हमेशा परेशानियां रहती है। हिंदू देवी देवता कुछ नहीं कर सकते। ईसाई धर्म को कल्याण का रास्ता बता रहा था। शिव कुमार साहू की शिकायत पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा पास्टर बानिया पूर्ति को हिरासत में लेकर सिटी कोतवाली थाने ले गई। इधर मसीही समाज के लोगों को इस बात की जानकारी हुई तो वे भी बड़ी संख्या में थाने पहुंच गये।

## महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ की माताओं बहनों के सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक- सरोज पांडेय



**कोरबा(विश्व परिवार)।** राज्यसभा सांसद डॉ सरोज पांडेय ने कहा कि महतारी वंदन योजना लाकर छत्तीसगढ़ की माताओंध्बहनों के सम्मान का अभिनंदन प्रदेश की भाजपा सरकार ने किया है। मोदी की सरकार ने महतारी वंदन योजना को पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ के 70 लाख से अधिक मातृशक्तियों को उनकी सम्मान राशि ?1000 प्रति माह प्रदान की है। अब महतारी पैसे के अभाव की बात नहीं, महतारी वंदन के प्रभाव की बात कर रही है। प्रतिमाह 1 हजार रुपये की यह योजना महिलाओं के आत्मनिर्भर भविष्य को बढ़ावा देने में मदद करती है और हम सभी को इस बात पर गर्व है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद शासन की पुनर्स्थापना हुई है इसलिए हर वर्ग के लिए लगातार किसान कार्य करते जा रहे हैं। आज छत्तीसगढ़ की महतारी, दीदियों, आदिवासियों के लिए वो ऐतिहासिक दिन है जो हमेशा पुराने जमाने के अक्षरों में लिखा होगा। आज का यह दिन केवल उन्हें आर्थिक सहायता देने का दिन है, महिलाओं को आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता से जीने की नई आशा प्रदान करने वाला दिन है। अब हर महीने जब महतारी पार्टियों को उनके खाते में सीधे 1000 रु मिलेंगे। सुश्री सरोज पांडेय का कुसमुंडा के आदर्श नगर एसोसिएशन भवन में आगमन हुआ। मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने बताया कि कुसमुंडा में जाम और गंदगी की समस्या से लोगों को जल्द राहत मिले। गेवरा रेलवे स्टेशन से यात्री गाड़ी चलाने का भी प्रयास जोर-शोर से किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने भावविभोर करने वाली इस ऐतिहासिक योजना से प्रदेश की महिलाओं को लाभांवित करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का प्रदेश की महिलाओं की ओर से आभार व्यक्त किया।

## समय सीमा की बैठक में जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत प्रस्तावित प्रपोजल पर की गई चर्चा



**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत खनिज प्रभावित प्रस्तावित प्रपोजल क्षेत्रों के परिवेश व आवश्यकता अनुरूप विभाग प्रपोजल प्रस्तावित करें, यह बात आज कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने समय सीमा की बैठक के दौरान कही। बैठक में सभी विभागों द्वारा प्रस्तावित प्रपोजल पर बिन्दुवार चर्चा की गई। जिसमें जिले के प्रतिभावान छात्रों का चयन ज्यादा से ज्यादा नीट, आईआईटी और राज्य व केन्द्र आधारित प्रतियोगी परीक्षाओं में हो इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर चर्चा हुई। जिसमें जिले के ही प्रतिभावान शिक्षकों द्वारा उन्हें कोचिंग के माध्यम से मार्गदर्शन दिलवाने की बात कही गई। इसके साथ ही पंडो जनजाति के उत्थान आधारित, स्वास्थ्य, खेल, स्किल डेवलपमेंट व मूलभूत आवश्यकता आधारित मुद्दों पर बेहतर प्रपोजल प्रस्तुत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। प्रबंधकारिणी समिति द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास सूरजपुर के वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना का अनुमोदन शासकीय परिषद से कराएं जाने हेतु निर्णय लिया गया और प्रगतिरत कार्यों को अविलंब पूर्ण करने हेतु संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया।

शासन के नवीनतम स्थान्तरण आदेश के तहत जिले से संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर और कुछ राजस्व अधिकारी दूसरे जिले चले गये हैं। आगामी लोकसभा निर्वाचन का कार्य सुगमता पूर्वक, पारदर्शी और शांति पूर्ण संपन्न हो इसलिये बैठक कलेक्टर ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्वाचन के संबंधित क्षेत्रों में नये नोडल नियुक्त करने के लिए निर्देशित किया।

## असाक्षरों के सर्वे के लिए जन शिक्षकों की बैठक

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास के सफल क्रियान्वयन हेतु असाक्षरों के चिन्हांकन हेतु विकासखंड सूरजपुर अंतर्गत जन शिक्षकों की बैठक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सूरजपुर की अध्यक्षता में पुराना जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु असाक्षरों और स्वयंसेवी शिक्षकों के चयन हेतु जन शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, उन्हें निर्देशित किया गया है कि ग्राम प्रभारी एवं सर्वेयरों की टीम बनाकर तीन दिवस के अंदर सर्वे का कार्य पूर्ण करें साथ ही मोबाइल एप्प उल्लास में ऑनलाइन एंट्री भी पूर्ण करें। बैठक में मुख्य रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप चंद्राकर, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज कुमार मंडल, विकासखंड परियोजना अधिकारी, जयराम प्रसाद, यशोदा सोनी, अजय कुमार देवांगन, सुदर्शन दास एवं मास्टर ट्रेनर विवेक जायसवाल उपस्थित थे।

## व्यापार समाचार

### कोयला क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों ने 22,448 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय के साथ लक्ष्य को पार किया

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** कोल इंडिया लिमिटेड और एनएलसीआईएल जैसे कोयला क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों ने फरवरी के अंत तक 22,448.24 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ 31 मार्च 2024 को समाप्त हो रहे चालू वित्त वर्ष के लिए निर्धारित 21,030 करोड़ रुपये के पूँजीगत व्यय (कैपेक्स) के वार्षिक लक्ष्य को पार कर लिया है। कोयला मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। उत्पादक निवेश के रिकॉर्ड स्तर का, जो लक्ष्य का 106.74 प्रतिशत है, समग्र अर्थव्यवस्था पर कई गुना सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह अधिक रोजगार के नये अवसर पैदा करता है और अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों में भी मांग को बढ़ाता है जिससे विकास को गति मिलती है। कोयला मंत्रालय ने कहा, वित्त वर्ष के आखिरी दो महीनों में प्रमुख पूंजीगत व्यय निवेश के साथ यह अनुमान लगाया गया है कि सीआईएल और एनएलसीआईएल दोनों अपनी उपलब्धि में वृद्धि करेंगे, जिससे देश की आर्थिक विकास को और गति मिलेगी। कोयला पीएसयू ने इस साल फरवरी तक 55,148.33 करोड़ रुपये का परिसंपत्ति मुद्रीकरण भी हासिल किया है, जो 2023-24 के दौरान अप्रयुक्त संपत्तियों के मुद्रीकरण के लिए सरकार द्वारा निर्धारित 50,118 करोड़ रुपये के लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन है। कोयला पीएसयू ने भी सरकार के ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के माध्यम से 88,518 करोड़ रुपये की खरीद के साथ बढ़त हासिल की है, जो 21,325 करोड़ रुपये के लक्ष्य का 415 प्रतिशत है। पारदर्शी खरीद को सक्षम करने के लिए सरकार द्वारा जीईएम खरीद को बढ़ावा दिया जा रहा है जो कम कीमत सुनिश्चित करती है और भ्रष्टाचार को खत्म करती है।

### गेल ने सीएनजी की कीमतों में 2.50 रुपये प्रति किलोग्राम की कटौती की

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** गेल (इंडिया) लिमिटेड और इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी गेल गैस लिमिटेड ने भारत के कई प्रमुख स्थानों पर सीएनजी की कीमतों में 2.50 रुपये प्रति किलोग्राम की कटौती की घोषणा की। यह कदम इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) द्वारा दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में गैस की कीमत में 2.50 रुपये प्रति किलोग्राम की कमी के बाद आया है। यह कटौती प्रदूषण से निपटने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के प्रयासों के अनुरूप, प्रतिस्पर्धी कीमतों पर समाधान पेश करने की गेल की प्रतिबद्धता दिखाती है। गेल ने एक बयान में कहा, सीएनजी की कीमत कम करने का निर्णय ऐसे समय पर आया है जब सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुंडई और महिंद्रा जैसे अग्रणी निर्माता सीएनजी वाहनों का उत्पादन बढ़ा रहे हैं। बयान में कहा गया है कि कीमत में कटौती से गेल का लक्ष्य स्वच्छ और हरित परिवहन विकल्पों की ओर बदलाव को सुविधाजनक बनाना है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित हो सके।

### 16 साल की बातचीत के बाद भारत और ईएफटीए के बीच हुआ आर्थिक समझौता

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत और चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) ने एक आर्थिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और ईएफटीए ने एक आर्थिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। लगभग 16 साल की बातचीत के बाद यह समझौता संभव हो सका है। इससे व्यापार और विदेशी निवेश बढ़ेगा। ईएफटीए में स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन शामिल हैं। गोयल ने कहा कि व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के तहत ईएफटीए देश अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। यह एक बाध्यकारी समझौता है। स्विट्जरलैंड के आर्थिक मामलों के मंत्री गाइ पार्मेलिन ने कहा कि समझौते के परिणामस्वरूप देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और नवीन प्रौद्योगिकी का प्रवाह बढ़ेगा, जिससे देश में विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा और अधिक रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि इससे 'मेक इन इंडिया' अभियान में और तेजी आएगी। उन्होंने कहा, यूरोपीय देश, अपनी ओर से, भारत के विशाल बाजार और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था द्वारा प्रदान किए जाने वाले आर्थिक अवसरों तक पहुंच प्राप्त करेंगे। भारत ने समझौते के कार्यान्वयन के बाद ब्लॉक के सदस्य देशों से पहले 10 वर्षों के दौरान 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता और अगले पांच साल में 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता मांगी है। इससे देश में विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा और 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समझौते पर हस्ताक्षर का स्वागत करते हुए कहा, कई पहलुओं में संरचनात्मक विविधताओं के बावजूद हमारी अर्थव्यवस्थाओं में पूरकताएं हैं जो सभी देशों के लिए लाभकारी होने का वादा करती हैं। विशाल व्यापार और निवेश के अवसरों के खुलने के साथ, हम विश्वास और महत्वाकांक्षा के एक नए स्तर पर पहुंच गए हैं।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग (छ.ग.)**

आदेश क्रमांक 1166 / व. ले.लि. / 2023-24 दुर्ग,

दिनांक: 05/03/2024

सिस्टम निविदा क्र. 150133 / निविदा सूचना क्र. 48 / वलेलि / 2023-24, दुर्ग दिनांक 20.12.2023 के माध्यम से दुर्ग जिले के विकासखण्ड दुर्ग की तांदुला परियोजना अंतर्गत खम्हरिया वितरक शाखा नहर की कोकड़ी माईनर का जीर्णोद्वार कार्य की आमंत्रित निविदा एकल निविदा होने के फलस्वरूप प्रतिस्पर्धा के अभाव में निरस्तर की जाती है।

सुरेश कुमार पाण्डेय,
कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग (छ.ग.)

जी. नम्बर 06604

G-08437/2

# भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में तोड़े कई रिकॉर्ड

**112 साल बाद हुआ ऐसा**




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम ने गत शनिवार को टेस्ट सीरीज के 5वें टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम को पारी और 64 रन से हराकर सीरीज पर 4-1 से कब्जा जमा लिया।सीरीज के पहले मैच में करारी हार झेलने के बाद भारतीय टीम ने जोरदार वापसी करते हुए कमाल कर दिखाया।बड़ी बात यह है कि भारत ने न केवल सीरीज अपने नाम की, बल्कि कई बड़े रिकॉर्ड भी धराशाही कर दिए। भारत 5 या इससे ज्यादा मैच की टेस्ट सीरीज में पहला मैच हारने के बावजूद 4-1 से सीरीज अपने नाम करने वाली सिर्फ चौथी टीम बनी है।पिछली बार यह कारनामा 112 साल पहले हुआ था। इंग्लैंड ने 1911-12 में ऑस्ट्रेलिया को 5 मैच की एशेज सीरीज में पहला टेस्ट हारने के बाद 4-1 से ही मात दी थी।ऑस्ट्रेलिया ने अपनी घरेलू सरजमीं पर इंग्लैंड के खिलाफ साल 1897-98 और साल 1901-02 में यह कारनामा किया था। भारतीय टीम पहले मुकाबले में 190 रन की बढ़त लेने के बावजूद हार गई थी। उससे पहले इतनी बढ़त (192 रन बनाम श्रीलंका-2015) लेने के बाद वह सिर्फ 1 मैच हारी थी।घरेलू मैदान पर आखिरी बार वह 1964 में 65 रन की बढ़त लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हारी थी।भारतीय टीम पहले मुकाबले में 231 रन का लक्ष्य नहीं हासिल कर पाई। घरेलू मैदान पर यह दूसरा सबसे छोटा लक्ष्य था, जिसे वह हासिल नहीं कर पाई। भारत के लिए सीरीज में 5 खिलाड़ियों ने डेब्यू किया। साल 1997 के बाद संयुक्त रूप से भारत के लिए पहली बार 1 सीरीज में इतने खिलाड़ियों ने डेब्यू किया है।पिछले 35 साल में किसी भी घरेलू सीरीज में यह सबसे ज्यादा है।5 टेस्ट मैच में 18 खिलाड़ी भारत के लिए खेले, जो पिछले 60 साल में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा है।पिछले 40 साल में किसी घरेलू सीरीज में यह संख्या सबसे अधिक संख्या भी है। विशाखापट्टनम टेस्ट के दौरान जो रूट ने इंग्लैंड के लिए 11,447 रन पूरे किए थे। दूसरी तरफ मौजूदा भारतीय टीम के खिलाड़ियों के कुल रन 10,336 थे।इस टेस्ट मैच को मिलाकर मौजूदा भारतीय टीम के सभी खिलाड़ियों ने कुल 110 मुकाबले खेले थे।

## मिचेल मार्श ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जड़ा पहला टेस्ट अर्धशतक



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने सोमवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक (80) जड़ा।यह उनके टेस्ट करियर का 9वां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला अर्धशतक रहा। इसके साथ ही उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने 2,000 रन भी पूरे कर लिए हैं।उनकी पारी की बदौलत कंगारू टीम ने 3 विकेट से जीत हासिल करते हुए सीरीज पर 2-0 से कब्जा जमा लिया। कंगारू टीम को 279 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 80 रन पर 5 झटके लग गए थे।उसके बाद बल्लेबाजी पर मार्श ने दृढ़ता के साथ पारी को आगे बढ़ाया और एलेक्स कैरी (98*) के साथ छठे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी निभाई।वह पारी में 102 गेंदों में 10 चौके और 1 छक्के की मदद से 80 रन बनाकर बेन सेयर्स का शिकार बने, लेकिन तब तक कंगारू टीम अच्छी स्थिति में पहुंच गई थी। इस पारी में मार्श ने अपने नाम एक बड़ी उपलब्धि दर्ज करा ली। पारी का 70वां रन बनाते ही उनके टेस्ट क्रिकेट में अपने 2,000 रन पूरे कर लिए।उन्होंने 2014 में पाकिस्तान के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था। उसके बाद से वह 42 टेस्ट की 72 पारियों में 56.74 की औसत से 2,010 रन अपने नाम कर चुके हैं। इसमें 3 शतक और 9 अर्धशतक शामिल है।इसी तरह वह 68 पारियों में 48 विकेट चटका चुके हैं।

## न्यूजीलैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया: एलेक्स केरी अपने दूसरे टेस्ट शतक से चूके



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में एलेक्स केरी ने कमाल की पारी (98*) खेली है।वह सिर्फ 2 रन से अपना दूसरा शतक बनाने से चूक गए। हालांकि, उन्होंने अपनी टीम को जीत तक पहुंचाया। यह उनके करियर का 8वां अर्धशतक रहा।पहली पारी में वह सिर्फ 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे।ऐसे में आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं। कंगारू टीम को जीत के लिए 279 रन बनाने थे। एक समय टीम के 5 बल्लेबाज सिर्फ 80 रन पर पवेलियन लौट गए थे। यहां से केरी ने मिचेल मार्श (80) के साथ पारी को संभाला।उन्होंने 123 गेंद में 15 चौके की मदद से 98 रन बनाए। उनकी स्ट्राइक रेट 79.67 की रही।मार्श के साथ इस खिलाड़ी ने 174 गेंद में 140 रन की साझेदारी निभाई। इन्हीं 2 पारियों के कारण ऑस्ट्रेलिया को दूसरे मुकाबले में जीत मिली। न्यूजीलैंड के खिलाफ केरी का यह पहला अर्धशतक था। उन्होंने अब तक इस टीम के खिलाफ 2 टेस्ट मैच खेले हैं। इसकी 4 पारियों में उन्होंने 41.66 की औसत से 125 रन बनाए हैं।कीवी टीम के खिलाफ यह उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी है।केरी ने अपने टेस्ट करियर में सबसे ज्यादा रन इंग्लैंड क्रिकेट टीम (383) के खिलाफ बनाए हैं। उन्होंने अपना एकमात्र शतक दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ लगाया है। केरी ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। उन्होंने अब तक 32 टेस्ट मैच खेले हैं। इसकी 47 पारियों में उन्होंने 31.88 की औसत से 1,339 रन बनाए हैं।उनके बल्ले से 1 शतक और 8 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 111 रन रहा है। वह अपने टेस्ट करियर में 5 बार नाबाद भी रहे हैं।पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ भी यह खिलाड़ी नर्वस नाइंटीज (93) का स्कोर बना चुका है।

## कैस्ट्रोल इंडिया ने भारतीय ट्रक चालकों को सशक्त बनाने के लिए भिलाई में आयोजित किया 'कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला'

**भिलाई (विश्व परिवार)।** भारत के प्रमुख लुब्रिकेन्ट निर्माता कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड ने देश के ट्रक चालकों को सशक्त बनाने के लिए अपनी अनूठी पहल 'कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला' का लॉन्च किया है। देश भर के ट्रक चालकों में उद्यमिता की भावना एवं पेशेवर दक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल 10,000 से अधिक ट्रक चालकों तक पहुंचेगी। भिलाई शहर में दो दिवसीय ऑन-ग्राउण्ड पाठशाला के साथ 'कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला' पहल अपने इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से 450 से अधिक ट्रक चालकों को प्रशिक्षित कर चुकी है। भिलाई शहर में इस पहल के ऑन साईट कैम्प के दौरान ट्रक चालकों के लिए रोचक शैक्षणिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। ट्रक चालकों को चार प्रमुख पहलुओं-सुरक्षित ड्राइविंग, ट्रक का स्वामित्व, नई टेक्नोलॉजी और कारोबार में मुनाफ़- पर शिक्षित करने तथा सबढ़तेरहोआगे के दृष्टिकोण के साथ सशक्त बनाने के लिए विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। कैस्ट्रोल इंडिया ने ट्रक समुदाय की प्रगति एवं सफलता के लिए हमेशा से सहयोग प्रदान किया है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था को गतिमान बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला' पहल हाल ही में उनके द्वारा शुरू किए गए सबढ़तेरहोआगे अभियान का विस्तार है। श्री संदीप संगवान, मैनेजिंग डायरेक्टर, कैस्ट्रोल इंडिया ने कहा,''ट्रक समुदाय हमेशा से कैस्ट्रोल इंडिया का अभिन्न हिस्सा रहा है, हम अपनी बदलावकारी पहलों के माध्यम से उनकी सुरक्षा और आजीविका को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे हैं। इस पहल के माध्यम से हम ट्रक चालकों को 'चालक से मालक' बनने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। हमें खुशी है कि भिलाई शहर से हमें बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली, जिससे प्रोत्साहित होकर हम भविष्य में भी ट्रक समुदाय के कल्याण के लिए इस तरह के आयोजन करते रहेंगे। कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला' पहल को भिलाई में स्थानीय ट्रांसपोर्टरों एवं संगठनों जैसे एआईएमटीसी द्वारा समर्थित किया गया था। ढाई महीने तक चलने वाले कैंपेन 'कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला' की शुरूआत गाज़ियाबाद, यूपी एवं कलंबोली, महाराष्ट्र से हुई। इसमें देश के भी सभी चारों क्षेत्रों को कवर करने के लिए दो विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए ट्रकों ने विभिन्न रूट्स लिए। अब तक 'कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला' पहल अपनी यात्रा के दौरान 6000 से अधिक ट्रक चालकों को प्रशिक्षित कर चुकी है।

## सोनी ने दमदार पार्टी साउंड और 25 घंटे के बैटरी बैकअप के साथ पेश किया नया एसआरएस-एक्सवी500 पोर्टेबल पार्टी स्पीकर विशेष रूप से भारत के लिए ट्यून किया गया

**नई दिल्ली :** सोनी इंडिया ने आज नए एसआरएस-एक्सवी500 के लॉन्च की घोषणा की। यह ऐसा स्पीकर है जो लोगों को कहीं भी, ज़्यादा समय तक तेज़ आवाज में पार्टी करने में मदद करेगा। यह स्पीकर पावरफुल साउंड, बिल्ट-इन लाइटिंग और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी से लैस है और आप इसमें कराओके माइक लगाकर रात भर गाना भी गा सकते हैं। एसआरएस-एक्सवी500 है तो आपके पास वह सबकुछ है जो आपको अपने दोस्तों और परिवार के साथ मनोरंजन के लिए चाहिए।

एसआरएस-एक्सवी500 के साथ हाई क्वालिटी साउंड और शानदार बेस के साथ अपने पार्टी अनुभव को बेहतर बनाएं- एसआरएस-एक्सवी500 पर शानदार संगीत का आनंद लें, इसकी दो एक्स-बैलेंस्ड स्पीकर यूनिट की बदौलत, जो न्यूनतम डिसटॉर्शन के साथ शानदार बेस और साथ ही दो ट्वीटर प्रदान करते हैं जिससे वोकल साफ सुनाई देता है और साउंड फील्ड का विस्तार होता है। इसका डायाफ्राम गोलाकार नहीं है, जिससे न केवल स्पीकर डायाफ्राम का दायरा अधिकतम होता है, बल्कि यह गहरे और अधिक शक्तिशाली बेस, कम डिसटॉर्शन और आवाज़ की अधिक स्पष्टता के लिए साउंड प्रेशर भी बढ़ाता है ताकि सुनने की गुणवत्ता कई गुना बढ़ जाए, साफ़ समृद्ध और सुकूनदेह आवाज़ से। साथ ही, एसआरएस-एक्सवी500 को खड़ा या लिटाकर रखने की सुविधा के कारण यह किसी भी माहौल के अनुकूल हो जाता है।

**POLICE HEADQUARTERS, CHHATTISGARH, ATAL NAGAR, NAVA RAIPUR**

**(3rd Call)**
**Notice Inviting Tender**

No. PHQ/SIB/Sec-9/ 787/2024 Raipur, Dated: 06/03/2024

Sealed tenders are being invited by the Director General of Police, Chhattisgarh on behalf of Governor of Chhattisgarh from manufacturers (OEM) or authorized firm of manufacturer's (only one firm) for the following item -

| Sl. No. | Name of Items | Qty.(No.) | EMD in Rs. |
|---|---|---|---|
| 1 | GPS navigator with two-way radio | 120 | 90,000/- |

**Note - Quantity will be variable.**
The tender offer in the prescribed tender form along with all the relevant documents sealed and completed in all the respect, must be submitted as per the schedule below -

**SCHEDULE FOR TENDER**

| | | |
|---|---|---|
| a) | Address for submission of Tender Document:- | Block No.-4, Ground floor, SIB, Police Headquarters, Sector 19, Nava Raipur Chhattisgarh. |
| b) | Last Date and Time of Submission on Bids | 21/03/2024 till 03.00 pm |
| c) | Place, Time and Date of opening Technical Bid :- | Block No. 1, Room No.105 Police Headquarters, Sector 19, Nava Raipur, Chhattisgarh. 21/03/2024 at 4:00 pm |
| d) | Place, Time and Date of opening Financial Bid :- | Shall be intimated later. |
| e) | Date till which the Bid to remain valid | 180 days from the last date of submission of the Bid. The validity period will be extended with mutual consent. |

Note:-
1. In case of tender opening date being declared as holiday, tenders will be opened on next working day.
2. Tender documents can be downloaded from our website www.cgpolice.gov.in and at the time of submission of document tender fee of Rs. 3000/- will be paid in the form of DD of State Bank of India/Scheduled Bank (other than Cooperative Bank) payable at Raipur in favour of Director General of Police, Chhattisgarh, Police Headquarters, Atal Nagar Raipur Or State Govt. Challan of Rs. 3000/- to be deposited in the Head of A/c- 0055-Police- 800- other receipt. Tender fee is non refundable and can't be exempted in any condition.
3. Modification/Amendments/Corrigendum, if any shall not be advertised on the news paper but shall be published in the aforesaid web site only and the time of submission of bid will also be extended if required.
4. If any bidder sends tender documents through Courier/Speed post, the tender documents will be accepted till 03.00 pm on 21/03/2024 at Block No. 4, Ground floor, SIB, Police Headquarters, Sector 19, Nava Raipur Chhattisgarh only. Received tender documents in any other address at PHQ on stipulated date and time, will not be accepted.

I.G. of Police (SIB)
For-Director General of Police

G-08425/2

# छत्तीसगढ़ में विकास का सर्वस्पर्शी मॉडल

### आध्यात्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन



राज्य की विष्णु देव साय सरकार ने अयोध्या स्थित भव्य मंदिर में विराजे रामलला के दर्शन हेतु जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्री रामलला दर्शन योजना शुरु की। राज्य में राजिम कुंभ (कल्प) का भव्य आयोजन पुन: शुरु कर छत्तीसगढ़ सरकार ने इसे वैश्विक पहचान दी है। इसी तरह धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में पांच शक्तिपीठों को विकसित करने के लिए पांच करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया गया है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश में 1 हजार किलोमीटर लंबी पर्यटन तीर्थ श्रृंखला विकसित की जाएगी। राज्य की रामायण मंडलियों को वित्तीय मदद मुहैया कराने के साथ बस्तर दशहरे को 50 लाख, चित्रकोट के लिए 10 लाख की जगह 25 लाख रुपये, रामाराम मेले के लिए 15 लाख रुपये तथा गोंचा पर्व के लिए 5 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे।

समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण को लेकर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार की प्रतिबद्धता को इसी बात से परखा जा सकता है कि सरकार के गठन के अगले ही दिन 14 दिसंबर 2023 को पहली कैबिनेट में विष्णु देव साय सरकार ने 18 लाख 12,743 गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देने का निर्णय लिया। योजना के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक धनराशि का भी प्रावधान किया गया। वर्तमान में लगभग 15 लाख आवास के निर्माण को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में विकास का सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी मॉडल देखने को मिल रहा है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस नीति

विष्णु देव साय सरकार एक ओर सुशासन की दिशा में नीतिगत कदम उठा रही है, वहीं भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को अमल में ला रही है। पूर्ववर्ती सरकार में हुए पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच की सिफारिश की गई है। साथ ही EWO द्वारा भी इस घोटाले में जांच की जाएगी है। कोयला और शराब घोटाले में भी एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। इस तरह सरकार भ्रष्टाचार ख़त्म करने का प्रयास कर रही है।

### योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वय पर जोर

सुशासन लोकतंत्र की आत्मा है। पं.दीनदयाल उपाध्याय ने सुशासन को अंत्योदय का आधार बताया है। इसी मंत्र पर आगे बढ़ते हुए राज्य में सुशासन एवं अभिसरण विभाग नाम से एक नया विभाग गठित किया गया है। यह विभाग राज्य में चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन व संसाधनों का उत्कृष्ट प्रबंधन करेगा। सरकारी योजनाओं की निगरानी तथा समीक्षा के लिए सुशासन दिवस पर अटल मॉनिटरिंग पोर्टल शुरु किया गया।

### अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का अंत्योदय

पं.दीनदयाल उपाध्याय ने सुशासन को अंत्योदय का आधार बताया है। इसी मंत्र पर आगे बढ़ते हुए राज्य में सुशासन एवं अभिसरण विभाग नाम से एक नया विभाग गठित किया गया है। यह विभाग राज्य में चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन व संसाधनों का उत्कृष्ट प्रबंधन करेगा। सरकारी योजनाओं की निगरानी तथा समीक्षा के लिए सुशासन दिवस पर अटल मॉनिटरिंग पोर्टल शुरु किया गया।

## विष्णु देव सरकार... 13 दिसंबर को ली शपथ और छत्तीसगढ़ में चल पड़ा विकास का सिलसिला






13 दिसंबर 2023 को छत्तीसगढ़ में खुशियों का नया सूर्योदय हुआ। राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की कैबिनेट के शपथ ग्रहण के साथ ही प्रदेश में विकास का सिलसिला चल पड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए त्वरित और पारदर्शी निर्णयों से विष्णुदेव साय सरकार ने सुशासन को नया आयाम दिया है। किसान, युवा, महिला, गरीब, आदिवासी सहित सभी तबकों तक विकास की बयार पहुंच रही है।

**मोदी की गारंटी**
**सुशासन के तीन माह**

### विकास के 10 स्तंभों की संकल्पना

विष्णु देव साय सरकार ने अपने पहले बजट में छत्तीसगढ़ की इकोनॉमी को 10 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक ले जाने का रोडमैप प्रस्तुत किया है। 1 नवंबर 2024 को राज्य के स्थापना दिवस के मौके पर सरकार के विजन डॉक्यूमेंट भी प्रस्तुत करेगी। इसमें 2047 तक छत्तीसगढ़ की तरक्की की कार्ययोजना का विस्तृत वर्णन होगा। राज्य सरकार ने बजट में प्रदेश के अर्थतंत्र को गति देने के दस स्तंभ चिन्हित किए हैं।

#### अर्थतंत्र को गति देने के दस स्तंभ

1. ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था
2. तकनीक आधारित सुधार व सुशासन
3. आधिकारिक पूंजीगत व्यय को बढ़ाना
4. प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रबंधन
5. सेवा क्षेत्र को बढ़ावा
6. निजी निवेश
7. बस्तर-सरगुजा की ओर देखो नीति
8. डिसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेंट पॉकेट्स का विकास
9. छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रोत्साहन
10. योजनाओं का पारदर्शी क्रियान्वयन

### "अमृतकाल: छत्तीसगढ़ विजन @2047"

विजन डॉक्यूमेंट में राज्य हेतु संभावित विकास क्षेत्रों जैसे कि ईन्फास्ट्रक्चर विकास, कृषि आधुनीकीकरण, शिक्षा व कौशल विकास,GYAN आधारित विकास, निवेश को प्रोत्साहन, खनिज संसाधनों का प्रभावी उपयोग, रिन्यूवेबल एनर्जी, कॉटेज इंडस्ट्री विकास, प्रभावी फिस्कल व टैक्स पॉलिसी व तकनीक का उपयोग, छोटे एवं लघु उद्योगों को प्रोत्साहन, फूड प्रोसेसिंग मिलेट्स, टूरिज्म विकास, स्वास्थ्य व पोषण, जनजाति विकास, ग्रामीण विकास, नगरीय विकास हेतु रणनीति व कार्ययोजना का समावेश होगा। जिसके आधार पर संबंधित विभाग अपने-अपने सेक्टर में अपेक्षित प्रगति प्राप्त कर विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना में महती भूमिका सुनिश्चित करेंगे।

### युवा हितैषी सरकार

प्रदेश के युवाओं को शासकीय भर्तियों में निष्पक्ष और पारदर्शिता से युक्त परीक्षा का वातावरण मिले, इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर परीक्षा प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। इससे भर्ती परीक्षाओं में न सिर्फ युवाओं का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि परिश्रम से वह अपने सपनों की उड़ान को पूरी कर सकेंगे। सरकार के गठन के पहले महीने में ही विष्णु देव साय सरकार ने प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकमत आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट की अवधि को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया है। अभ्यर्थियों को आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट का लाभ 31 दिसंबर 2028 तक मिलेगा। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ पुलिस के जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग में भर्ती के लिए वर्ष 2018 में 2259 रिक्त पदों पर तथा अक्टूबर 2023 को जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के 5,967 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया में शामिल पुरुष अभ्यर्थियों को उच्चतर आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की गई है।



### आतंकवाद, नक्सलवाद और चरमपंथ पर ठोस प्रहार

छत्तीसगढ़ सरकार ने आतंकवाद, नक्सलवाद और चरमंथ को समूल नष्ट करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी की तर्ज पर स्टेट इनवेस्टिगेशन एजेंसी का गठन किया जा रहा है। यह एजेंसी आतंकवाद, नक्सलवाद और वामपंथी उग्रवादी मामलों की प्रभावी और त्वरित जांच करेगी। इसके लिए एसआईए एनआईए के साथ समन्वय स्थापित करने वाली राज्य की नोडल एजेंसी होगी। नक्सल प्रभावित गांव के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा 16 फरवरी 2024 को नियद नेल्लानार योजना शुरु की गई है। इस योजना के जरिए सुदूर नक्सल प्रभावित गांव में 24 योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जा चुका है। पुलिस द्वारा नक्सल प्रभावित गांव में पुलिस कैंप खोले जा रहे हैं। सुकमा के पूवर्ती समेत अन्य स्थानों पर यह पुलिस कैंप कानून व्यवस्था को मजबूती देने के साथ सुशासन के प्रकल्प बनकर उभरे हैं।

### भारत (बीएच) सीरीज के वाहन पंजीयन लागू कराए जाने का निर्णय

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में भारत (बीएच) सीरीज के वाहन पंजीयन लागू कराए जाने का निर्णय लिया गया। भारत सरकार द्वारा लागू बीएच सीरीज के तहत दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए एक बार में दो वर्ष का टेक्स जमा कराना होगा।

## डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसकी बानगी उस वक्त देखने को मिली जब राज्य की नवनिर्वाचित सरकार के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने प्रदेश का पहला डिजिटल बजट पेश किया। इससे शासन एवं प्रशासनिक कामकाज में डिजिटल अनुप्रयोग के लिए लोग प्रोत्साहित होंगे। राज्य में कोयले के परिवहन हेतु परमिट और स्वीकृति व्यवस्था मैन्युअल होने से पूर्व की सरकार के कार्यकाल में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। ऐसे में विष्णु देव साय सरकार ने तत्काल इस पूरी व्यवस्था को ऑनलाइन कर भ्रष्टाचार मुक्त शासन की मिसाल पेश की है। प्रदेश में डिजिटल अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए भारत नेट परियोजना के लिए 66 करोड़ रुपये, पीएम वाणी प्रोजेक्ट के लिए 37 करोड़ रुपये, एकीकृत ई-प्रोक्योरमेंट परियोजना के लिए 15 करोड़ रुपये और अटल डैशबोर्ड के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया गया है। इस तरह छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है।

**विगत 10 मार्च को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं के खाते में 'महतारी वंदन योजना' की पहले किस्त की राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने माता- बहनों को शुभकामनाएं दीं।**



## 'महतारी वंदन' योजना से हो रहा महिला सशक्तिकरण



महिला सशक्तिकरण विष्णु देव साय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य के इतिहास में 12 मार्च 2024 की तारीख महिला सशक्तिकरण की दिशा में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो चुकी है। इस दिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में 70 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना की 1,000 रुपये की पहली किश्त जारी की गई। विष्णु देव साय सरकार हर साल 12 हजार रुपये महिलाओं के खाते में जमा करेगी। भ्रष्टाचार के बिना हितग्राहियों तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ डीबीटी का सबसे बेहतरीन उपयोग करने वाला राज्य बन चुका है। योजना का उद्देश्य प्रदेश में महिलाओं के साथ लिंगविभेद, असमानता खत्म करते हुए उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाना है। इस योजना का लाभ छत्तीसगढ़ निवासी विवाहित महिला, जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 21 वर्ष से अधिक हो, को मिलेगा। विवाहित महिला के साथ ही विधवा, तलाकशुदा, परित्यकता महिलाओं को भी योजना का लाभ मिल रहा है।

**महतारी वंदन हेल्पलाइन- 0771-2220006 / 0771-6637711**

## किसानों के चेहरे पर खुशी... छत्तीसगढ़ में धान का सर्वाधिक समर्थन मूल्य



छत्तीसगढ़ में धान की फसल यहां के किसानों के लिए तरक्की का आधार है। विष्णु देव साय सरकार ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदी की मोदी की गारंटी को पूरा कर देश में किसानों को धान का सर्वाधिक समर्थन मूल्य देने का कीर्तिमान रच दिया है। किसानों के खाते में सीधे नगद लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिए पैसा भेजा जा रहा है। खरीफ सीजन 2023 में किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ (3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से) 147 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी हुई। इस तरह छत्तीसगढ़ ने देश में धान की खरीदी का रिकॉर्ड कायम किया है। राज्य में 13 लाख किसानों के खाते में धान के दो वर्ष के बकाया बोनस के रूप में 3,716 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जा चुके हैं। कृषक उन्नति योजना के जरिए किसानों को धान खरीदी की अंतर राशि 13,320 करोड़ रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। 24.72 लाख से अधिक किसान विष्णु देव साय सरकार की योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ सरकार के अन्य महत्वपूर्ण निर्णय

- विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया शुरु मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।
- डिग्री हासिल करने वाले 246 एमबीबीएस एवं 21 विशेषज्ञ चिकित्सकों को नियुक्ति दे दी गई है। इनमें से पचास फीसदी की नियुक्ति बस्तर एवं सरगुजा संभाग के लिए की गई है।
- स्वास्थ्य विभाग में 5 हजार से ज्यादा पदों पर पीएससी और व्यापम के जरिए भर्ती करने का निर्णय लिया गया है।
- एमबीबीएस एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों को आवेदन करने के 24 घंटे के भीतर नियुक्ति देने की घोषणा की गई है।
- कोल परिवहन के लिए ऑनलाइन परमिट एवं स्वीकृति प्रणाली - खनिज संसाधन से संपन्न छत्तीसगढ़ राज्य में कोल परिवहन की पारदर्शी प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन परमिट एवं स्वीकृति प्रणाली लागू की गई है।
- नियद नेल्लानार योजना (बस्तर के लिए) बस्तर संभाग के नक्सल पीड़ित क्षेत्र में स्थापित 14 नये कैंपों में नवाचार के रुप में इसके आसपास के 5 ग्रामों की मूलभूत आवश्यकता की दृष्टि से अधोसंरचना विकास एवं परिवारों के सम्यक विकास की कार्यवाही की जाएगी।
- कॉलेज के विद्यार्थियों को 6000 रुपए सालाना ट्रैवल एलाउंस अगले शिक्षा सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की जाएगी। इसके अलावा कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को 6000 रुपए सालाना ट्रैवल एलाउंस मिलेगा।
- संस्कृत महाविद्यालय को विश्वविद्यालय में अपग्रेड करने का निर्णय शासकीय दूधाधारी श्री राजेश्री महंत वैष्णव दास स्नातकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय, रायपुर को विश्वविद्यालय में अपग्रेड करने का संकल्प।
- आईआईटी की तर्ज पर प्रौद्योगिकी संस्थानों की स्थापना प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए आईआईटी की तर्ज पर जशपुर, बस्तर, कबीरधाम, रायपुर और रायगढ़ में इसी सत्र से प्रौद्योगिकी संस्थानों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही राज्य में छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा मिशन योजना लागू की जाएगी।
- 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी अगले शिक्षा सत्र में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी।
- सभी जिला मुख्यालयों में एम्स की तर्ज पर उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थानों की स्थापना का निर्णय।

Samwad Ro- 40024/48